डाक पंजीयन नं. 99/2021-23

E-mail:-adhuniksamachar2014@gmail.com

website:www.aadhuniksamachar.com



PG-5

आधुनिक भारत का आधुनिक नजरिया

# आधुनिक समाचार

प्रयागराज से प्रकाशित हिन्दी दैनिक



PG-8

सिनेमाः-नौरात्री सेलिब्रेशन में कटरीना कैफ को टकटकी लगाए घूरते रहे रणबीर कपूर

वर्ष -08 अंक -184 | प्रयागराज, शुक्रवार, 07 अक्टूबर, 2022 | पृष्ठ- 8 | मूल्य : 2.00 रूपये

## संक्षिप्त समाचार

### भारत जोड़ो यात्रा से जुड़ी कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**मैसूर।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी इन दिनों 'भारत जोड़ो यात्रा' पर हैं। 7 सितंबर को कन्याकुमारी से शुरू हुई यात्रा केरल होते हुए अब कर्नाटक पहुंच गई है। कर्नाटक के मांड्या जिले में भारत जोड़ो यात्रा से गुरुवार को कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी भी जुड़ीं हैं। इस दौरन उन्होंने



कांग्रेस सांसद राहुल गांधी और पार्टी के अन्य नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ पैदल मार्च किया। यह यात्रा 21 दिनों तक कर्नाटक से होकर गुजरेगी। इस दौरान राज्य में 511 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। कर्नाटक में यह यात्रा चामराजनगर, मैसूर, मांड्या, तुमकुरु, चित्रदुर्ग, बेल्लारी और रायचूर जिलों से होते हुए भी निकलेगी। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी भाजपा शासित राज्य के मांड्या जिले से पहली बार भारत जोड़ो यात्रा में हिस्सा लिया। सोनिया गांधी के अलावा पार्टी के वरिष्ठ नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, जो कांग्रेस प्रमुख पद के शीर्ष दावेदारों में से एक हैं। वह भी गुरुवार को इस पैदल मार्च में शामिल हुए। बता दें कि सोनिया गांधी ने लंबे समय से पार्टी के किसी सार्वजनिक कार्यक्रम में हिस्सा नहीं लिया है। कन्याकुमारी से कश्मीर तक की पांच महीने चलने वाली भारत जोड़ो यात्रा के 26वें दिन वह इसमें शामिल हुई हैं। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के 7 अक्टूबर को पैदल मार्च में शामिल होने की उम्मीद है।

## अमेरिका में होगी स्ट्रैटेजिक क्लीन एनजी पार्टनरशिप की मंत्रीस्तरीय वार्ता

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका स्ट्रैटेजिक क्लीन एनर्जी पार्टनरशिप की मंत्रिस्तरीय वार्ता शुक्रवार को अमेरिका में होगी। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बुधवार को यह जानकारी दी। दोनों देशों के बीच यह वार्ता छह से 11 अक्टूबर तक चलेगी। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस और आवास एवं शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी इस दौरान अधिकारियों और व्यावसायिक प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करेंगे। वाशिंगटन डीसी में सात अक्टूबर को हरदीप सिंह पुरी अमेरिका के ऊर्जा सचिव जेनिफर ग्रानहोम के साथ की सह अध्यक्षता भी करेंगे। मालूम हो कि अप्रैल 2021 में आयोजित जलवायु पर नेताओं के शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन



ने यूएस-इंडिया क्लाइमेट एंड क्लीन एनर्जी एजेंडा 2030 पार्टनरशिप के तहत संशोधित को लांच किया था। भारत और अमेरिका दोनों देशों के बीच ऊर्जा सुरक्षा और नवाचार को आगे बढ़ाने के लिए लगातार साझेदारी की जा रही है। जिम्मेदार तेल और गैस स्तंभ बिजली और ऊर्जा दक्षता स्तंभ अक्षय ऊर्जा स्तंभ सतत विकास स्तंभ और उभरते ईंधन एवं प्रौद्योगिकी इन पांच स्तंभों के माध्यम से स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों का विस्तार किया जा रहा है।पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय के मुताबिक, हरदीप सिंह जलवायु अनुकूल शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर पर विश्व बैंक के अधिकारियों के साथ वार्ता करेंगे। इसके साथ ही वह वाशिंगटन डीसी में यूएसए इंडिया बिजनेस काउंसिल और ह्यूस्टन में यूएसए इंडिया स्ट्रेटेजिक पार्टनरशिप फोरम के सम्मेलनों में भाग लेंगे।

## मध्य प्रदेश के ग्वालियर में मिलीं कोलकाता व बिहार की किशोरियां

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**ग्वालियर।** मध्य प्रदेश में ग्वालियर जिले के बदनापुरा गांव से मंगलवार को कोलकाता और बिहार की दो किशोरियां मिलीं, जिनकी यहां



जबरन शादी करवाई गई है। पुलिस ने तीन दिनों में दूसरी बार दबिश देकर और 32 घरों को खंगालने के बाद उन्हें मंगलवार को बरामद किया है। कोलकाता की किशोरी की उम्र 17 साल है, जबकि बिहार की किशोरी की उम्र और स्पष्ट पहचान को लेकर पड़ताल चल थी। दोनों की जिनसे शादी हुई, उन्हें पुलिस ने हिरासत में ले लिया है। पुलिस पूछताछ कर रही है। क्राइम ब्रांच के साथ ही पुरानी छावनी व महिला थाने की टीम दोपहर करीब 12 बजे बदनापुरा पहुंची। इसके पहले यहां आयुष्मान कार्ड बनाने वाली एजेंसी के कर्मचारी बनकर पुलिस ने पड़ताल की थी। इसके चलते यहां कुछ घर पहले से चिह्नित थे।टीम ने रविवार तड़के भी दबिश दी थी, लेकिन सभी घरों की तलाशी नहीं हो सकी थी। मंगलवार को फिर यहां भारी फोर्स पहुंची और तलाशी ली गई। क्राइम ब्रांच के डीएसपी ऋषिकेष मीणा ने बताया कि कोलकाता की किशोरी करीब तीन साल पहले यहां आई थी।यहां उसकी शादी बिट्टू धनावत से कर दी गई। उसके दस्तावेज के अनुसार वह अब भी नाबालिग है। दूसरी किशोरी के उम्र संबंधी दस्तावेज नहीं मिले हैं, लेकिन उसने बताया कि उसकी शादी भी नाबालिग उम्र में राहुल धनावत से की गई। पुलिस ने और भी घरों में रह रही किशोरियों से बात की, इनके उम्र से जुड़े दस्तावेज खंगाले। कुछ दस्तावेज जब्त भी किए गए हैं। कोलकाता की किशोरी ने पुलिस को बताया कि उसके माता-पिता का निधन हो चुका है। वह दादी के साथ रहती थी। बाद में उनकी भी मौत हो गई। मौसी कोलकाता से बदनापुरा लाई थी और यहां जबरन शादी करवा दी थी।

## पूरे देश में धूमधाम से मनाया गया दशहरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बुराई पर अच्छाई की जीत को चिह्नित करने के लिए बुधवार को पूरे देश में दशहरा धूमधाम से मनाया गया। वार्षिक दुर्गा पूजा उत्सव को समाप्त करने के लिए बुधवार को रावण के कई पुतले जलाए गए। दशहरा वर्ष का ऐसा समय है, जब रामलीला आयोजित की जाती है और बड़े पैमाने पर मेले आयोजित किए जाते हैं। लोग बड़ी संख्या में रावण के पुतलों को आग की लपटों में देखने के लिए इकट्ठा होते हैं और पारंपरिक मिठाइयों की सुगंध हवा में भर जाती है। विजयादशमी पर नौ दिनों तक चलने वाली नवरात्रि




का पर्व समाप्त हो जाता है। इस मौके पर दिल्ली लखनऊ, लेह, लुधियाना, देहरादून, पटना और अमृतसर सहित देश भर के विभिन्न शहरों में लोगों ने रावण के पुतले जलाकर शुभ त्योहार मनाया। दिल्ली के रामलीला मैदान में दशहरा समारोह में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ दिल्ली के एलजी विनय कुमार सक्सेना और पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद ने भाग लिया। इस मौके पर रामलीला के आयोजकों द्वारा उपराष्ट्रपति को गदा भेंट की गई और उन्होंने शांति के प्रतीक सफेद कबूतरों को भी छोड़ा। इसके बाद उन्होंने धनुष धारण किया और प्रतीकात्मक रूप से इस अवसर पर रावण दहन को चिह्नित करते हुए एक तीर चलाया।

## एसवाई कुरैशी ने जनसंख्या नियंत्रण पर संघ प्रमुख के बयान को बताया संतुलित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने बुधवार को कहा कि जनसंख्या नियंत्रण नीति पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी बहुत ही संतुलित थी। इसे लेकर उन्होंने किसी समुदाय



विशेष पर उंगली नहीं उठाई। उन्होंने जनसंख्या नियंत्रण को लेकर होने वाली बहस के दोनों आयामों बोझ या परिसंपत्ति का उल्लेख किया उन्होंने कहा कि भागवत का यह विचार सही है कि परिवार नियोजन को भारतीय समाज के सभी वर्गों द्वारा अपनाया जाना चाहिए। इसके लिए साक्षरता और आय जैसे कारक बेहद महत्वपूर्ण हैं। कुरैशी ने भागवत की इस टिप्पणी की ओर भी इशारा किया कि जनसंख्या असंतुलन से भौगोलिक सीमाओं में परिवर्तन होता है। द पापुलेशन मिथ इस्लाम, फैमिली प्लानिंग एंड पालिटिक्स इन इंडिया पुस्तक लिखने वाले कुरैशी ने कहा कि विजयदशमी के अवसर पर दिये गए उनके उद्बोधन का बहुत ही बारीकी से अध्ययन किया जा रहा है। मीडिया भी इसका विश्लेषण कर रहा है। लोग मेरी किताब का जिक्र कर रहे हैं। इसे मुझे हाल ही में संघ प्रमुख के सामने पेश करने का मौका मिला था। इस दौरान मैंने बहुत ही संक्षेप में इसके कुछ बिंदुओं पर प्रकाश डाला था। उन्होंने कहा कि संघ प्रमुख ने मेरी बात ध्यान से सुनी थी, यह मेरे लिए बड़ी बात थी।एआइएमआइएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि देश पहले ही प्रतिस्थापन दर हासिल कर चुका है। वह जनसंख्या नीति पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, हिंदुओं और मुसलमानों का यदि एक ही डीएनए है तो असंतुलन कहां है। जनसंख्या नियंत्रण की कोई आवश्यकता नहीं है।

## दिग्विजय सिंह ने ट्वीट कर मोहन भागवत से किए कई सवाल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह ने नागपुर में दशहरा रैली में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत की



टिप्पणियों को लेकर उन्हें बुधवार को आड़े हाथ लिया। उन्होंने सवाल किया कि क्या संघ एक महिला को सरसंघचालक के रूप में नियुक्त करेगा। भागवत की टिप्पणियों पर एक मीडिया रिपोर्ट टैग करते हुए दिग्विजय ने श्रृंखलाबद्ध ट्वीट्स में कहा, ''क्या आरएसएस बदल रहा है क्या एक तेंदुआ कभी अपने स्पाट्स बदल सकता है अगर वे आरएसएस का मूल चरित्र बदलने के लिए वास्तव में गंभीर हैं, मेरे पास मोहन भागवत जी से कुछ सवाल हैं क्या वे हिंदू राष्ट्र का अपना एजेंडा छोड़ देंगे क्या एक ओबीसी/एससी/एसटी सरसंघचालक सभी को स्वीकार्य होगा क्या वे आरएसएस को पंजीकृत करेंगे क्या आरएसएस में नियमित सदस्यता होगी दिग्विजय ने यह भी सवाल किया कि क्या आरएसएस अल्पसंख्यकों के लिए अपनी सदस्यता खोलेगा। उन्होंने कहा, यदि मेरे सभी प्रश्ने/शंकाओं का उत्तर सकारात्मक रूप से स्पष्ट किया गया तो मुझे आरएसएस से कोई समस्या नहीं होगी। मोहन भागवत जी यदि आप ऐसा कर सकते हैं तो मैं आपका प्रशंसक बन जाऊंगा।

## यूक्रेन ने रूसी सेना को खदेड़कर कई नए क्षेत्रों पर वापस कब्जा किया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** रूस यूक्रेन युद्ध कई प्रयासों के बाद भी रुकने का नाम नहीं ले रहा है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के नरम रुख के बावजूद अब युक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की समझौते को तैयार नहीं हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेनी बलों ने खेरसॉन के भी कई इलाकों में अब अपना कब्जा वापस पा लिया है और आगे भी सेना अपने क्षेत्र वापस लेने के लिए जंग जारी रखेगी। वहीं, दक्षिण और पूर्व में रूसी सेना के पीछे हटने के साथ जेलेंस्की ने बुधवार को देर रात वीडियो संबोधन में बताया कि खेरसान शहर के उत्तर-पूर्व में नोवोवोस्क्रेसेन्सके, नोवोहरीहोरिव्का और पेट्रोपावलिवका को मुक्त कर दिया गया है।



## मुंबई लोकल ट्रेनों के अंदर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की राजनीतिक रैली का हुआ लाइव प्रसारण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने मुंबई के बीकेसी मैदान में शिवसेना के अपने गुट की



रैली को संबोधित किया। इस दौरान मुंबई की लाइफलाइन कहे जाने वाली वेस्टर्न रेलवे लोकल ट्रेनों में बुधवार को ट्रेन के अंदर मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की राजनीतिक रैली का लाइव प्रसारण किया गया, जिससे विवाद खड़ा हो गया है। इस विवाद पर विपक्षी नेताओं ने कहा कि यह प्रचार के लिए एक राष्ट्रीय संपत्ति का अधिग्रहण है। रेलवे अधिकारियों ने कहा कि रैली का प्रसारण ट्रेन के अंदर हुआ। हालांकि इसको तुरंत रोक दिया गया। वेस्टर्न रेलवे के प्रवक्ता ने इस मामले पर कहा कि कुछ सोशल मीडिया चैनलों के माध्यम से यह बात सामने आई है कि कुछ राजनीतिक दलों की एक रैली का लोकल ट्रेनों में सीधा प्रसारण किया गया था। हालांकि स्पष्ट किया जाता है कि पश्चिम रेलवे ने ऐसी कोई अनुमति नहीं दी है।

## केरल के पलक्कड़ जिले में सड़क हादसा बस दुर्घटना में 9 की मौत और 38 घायल

**पलक्कड़।** केरल के पलक्कड़ जिले के वडक्कनचेरी इलाके में सड़क हादसा हो गया। केरल राज्य सड़क परिवहन निगम की बस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। इस बस दुर्घटना में 9 की मौत हो गई। 38 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। के बाद बस दलदल में गिर गई। इसमें नौ लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। करीब 38 घायलों को इलाज के लिए विभिन्न अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। कई की हालत नाजुक बनी हुई है यह हादसा बुधवार रात करीब हादसा हुआ। देर रात स्थानीय लोग और पुलिस मौके पर पहुंच गए और बचाव कार्य चलाया गया। इस दौरान तेज बारिश हो रही थी। घायलों को पलक्कड़ जिला अस्पताल, अलाथुर तालुक अस्पताल और त्रिशूर के एक निजी



यह जानकारी समाचार एजेंसी एएनआइ ने राज्य मंत्री एमबी राजेश के हवाले से दी है बुधवार की रात यहां वडक्कनचेरी के पास मंगलम में स्कूली छात्रों को ले जा रही एक पर्यटक बस ने केएसआरटीसी की बस को पीछे से टक्कर मार दी। टक्कर लगने 11:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग 544 पर हुआ। टूरिस्ट बस एर्नाकुलम के बेसिलियोस विद्यानिकेतन सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्रों को लेकर ऊटी की ओर जा रही थी। की सुपरफास्ट बस कोट्टाराक्कारा से कोयंबटूर जा रही थी। दोनों के टक्कर के चलते यह अस्पताल में भर्ती कराया गया। त्रिशूर के निजी अस्पताल में हरिकृष्णन (22), अमेया (17), अन्नया (17), श्रद्धा (15), अनीजा (15), अमृता (15), तनुश्री (15), हिन जोसेफ (15), जानेमा (15), अरुण कुमार (38) ), ब्लेसन (18), और एल्सा (18) का इलाज चल रहा है।

## आरएसएस के प्रमुख ने जनसंख्या विस्फोट की समस्या पर चिंता जताई

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** बुधवार को देश और दुनिया में कई ऐसा घटनाएं घटी जिसने सुर्खियां बटोरी। देशभर में प्रति संवेदना व्यक्त की है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बुधवार को जनसंख्या विस्फोट की समस्या पर के साथ यूक्रेन की करीब 18 प्रतिशत भूमि पर बसे इन चारों क्षेत्रों के रूस में शामिल होने की प्रक्रिया पूरी हो गई। रूसी कब्जे वाले







आज धूम-धाम से विजयादशमी के त्योहार मनाया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने बुधवार को जनसंख्या विस्फोट की समस्या पर चिंता जताई। संघ प्रमुख ने कहा कि भारत में जनसंख्या पर एक समग्र नीति बनाई जानी चाहिए जो सब पर समान रूप से लागू हो और किसी को इससे छूट नहीं मिले। भारत में तेजी से बढ़ती जनसंख्या को समस्याओं की बड़ी वजहों में से एक माना जाता रहा है। वहीं, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उत्तराखंड जिले में पौड़ी गढ़वाल बस दुर्घटना में जान गंवाने वालों के परिवारों के चिंता जताई। संघ प्रमुख ने कहा कि भारत में जनसंख्या पर एक समग्र नीति बनाई जानी चाहिए जो सब पर समान रूप से लागू हो और किसी को इससे छूट नहीं मिले। भारत में तेजी से बढ़ती जनसंख्या को समस्याओं की बड़ी वजहों में से एक माना जाता रहा है। समय-समय पर संस्थाएं एवं विश्लेषक इस ओर इशारा करते रहे हैं। आइए इस रिपोर्ट में जानें भारत के लिए जनसंख्या विस्फोट क्यों बड़ी चुनौती है। रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को चार यूक्रेनी क्षेत्रों- लुहांस्क, डोनेस्क, खेरसान और जपोरीजिया के रूस में शामिल होने के प्रस्ताव को स्वीकृति दे दी। इसी खेरसान को छीनने के लिए यूक्रेनी सेना के हमले बढ़ गए हैं।कर्नाटक के स्कूलों में हिजाब पर प्रतिबंध मामले में अगले सप्ताह सुप्रीम कोर्ट का फैसला आ सकता है। मामले की सुनवाई करने वाली पीठ के न्यायाधीश हेमंत गुप्ता 16 अक्टूबर को सेवानिवृत्त हो रहे हैं ऐसे में जस्टिस गुप्ता के सेवानिवृत्त होने से पहले फैसला आने की उम्मीद है। मामले की सुनवाई जस्टिस हेमंत गुप्ता और जस्टिस सुधांशु धूलिया की दो सदस्यीय पीठ ने की थी। 10 दिनों तक मैराथन सुनवाई के बाद सुप्रीम कोर्ट ने 22 सितंबर को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था।

# इमाम हसन अस्करी की शहादत की पूर्व संध्या पर मोमबत्ती की रौशनी मे निकाला गया ताबूत

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** इमामबाड़ा मिर्ज़ा नक़ी बेग मे बशीर हुसैन की सरपरस्ती मे चुप ताज़िया की अशरा ए मजालिस के अन्तिम दिन हज़रत इमाम हसन अस्करी की शहादत की पूर्व संध्या पर मौलाना सैय्यद रज़ी हैदर साहब की शहादत हसन अस्करी के ग़मगीन मसाएब के बाद इमामबाड़ा की सभी लाईटों को बुझा कर मोमबत्ती की रौशनी व सुगंधित लोबान की धूनी मे गुलाब चमेली के फूलों से सजा ताबूत ज़ियारत को अक़ीदतमन्दों के दरमियान लाया गया तो हर शख्स बोसा लेने और ताबूत की ज़ियारत को बेताब नज़र आया।अन्जुमन ग़ुन्चा ए क़ासिमया के प्रवक्ता सैय्यद मोहम्मद अस्करी के अनुसार ताबूत को लेकर नौजवान जब इमामबाड़ मे दाखिल हुए तो हर तरफ से मातम और वा वैला की सदाएँ बुलन्द होने के साथ अन्जुमन हैदरीया के नौहाख्वानों हसन रिज़वी व अन्य सदस्यों के क़दीमी नौहे से माहौल अफसुर्दा हो गया।आयोक असद हुसैन उर्फ बब्बू भाई ,समर ,हैदर ,सैय्यद मोहम्मद अस्करी हैदर रज़ा बेग ,पार्षद अनीस अहमद ,परवेज़ अख्तर अंसारी ,मिर्ज़ा काज़िम अली ,फैज़याब हैदर आसिफ रिज़वी ,ज़ामिन हसन ,शाहिद अब्बास रिज़वी ,सूफी हसन आदि शामिल रहे। आज निकलेगा चुप ताज़िया व अय्यामे अज़ा का आखरी जुलूस दो माह और आठ दिनो 68 दिवसीय अज़ादारी का आज अन्तिम दिन है।दिनांक 5 अक्टूबर बुधवार को अय्यामे अज़ा का आखिरी जुलूस चुप ताज़िया रानीमण्डी चकय्या नीम स्थित इमामबाड़ा मिर्ज़ा नक़ी बेग से प्रातः9 बजे निकाला जायगा।बशीर हुसैन की सरपरस्ती मे सबसे पहले ज़ैग़म अब्बास की मर्सियाख्वानी से मजलिस का आग़ाज़ होगा तत्पश्चात ज़ाकिरे



अहलेबैत आली जनाब रज़ा अब्बास ज़ैदी शहादत इमाम हसन अस्करी व अय्यामे अज़ा के अन्तिम दिन पर सोगवारों की जानिब से रसूले खुदा व फात्मा ज़हरा व वक़्त के इमाम को शहीदाने करबला का पुरसा पेश करेंगे।नौहाख्वान हसन रिज़वी की क़यादत मे अन्जुमन हैदरिया रानीमण्डी नौहों और मातम की सदाएँ बुलन्द करते हुए जुलूस चुप ताज़िया को रानीमण्डी ,बच्चा जी धरमशाला ,चड्ढा रोड ,कोतवाली ,नखास कोहना ,खुलदाबाद हिम्मतगंज होते हुए चकिया करबला पहचँ कर अलम ताबूत चुप ताज़िया व ज़ुलजनाह पर चढ़ा गए फूलों को सुपुर्देखाक करेगी।वहीं दरियाबाद के ऐतिहासिक बंगले से अय्यामे अज़ा के आखिरी दिन बुधवार को दिन मे 11 बजे अख्तर रज़ा खाँ की ओर से अमारी जुलूस की मजलिस होगी।आयोजक तुराब हैदर बाबू भाई के अनुसार अमारी मातमी जुलूस मे नौहों और मातम का आग़ाज़ बाद नमाज़ ज़ोहर लगभग दिन मे 1 बजे से मातमी दस्ते के द्वारा इमामबाड़ा मे नौहों की चार पंक्तियों के पढ़ने के उपरांत एक एक अन्जुमन का सिलसिलेवार निकलना शुरु हो जाएगा।अन्जुमन शब्बीरिया ,अन्जुमन मज़लूमिया अन्जुमन ग़ुन्चा ए क़ासिमया अन्जुमन अब्बासिया ,अन्जुमन हुसैनियाँ क़दीम व अन्जुमन हाशिमया नौहों और मातम की सदा बुलन्द करते हुए अपने क़दीमी रास्तों को तय करते हुए प्रशासन द्वारा निर्धारित समय रात्रि के दस बजे तक इमामबाड़ा अरब अली खाँ मे दाखिल हो जायगी। दरियाबाद से रौनक़ सफीपुरी की क़यादत मे निकला छठवीं का क़दीमी जुलूस दरियाबाद मे सफदर साहब मरहूम के अज़ाखाने से छै रबिउल अव्वल पर निकलने वाला ऐतिसाहिक ताबूत का जुलूस रौनक़ सफीपुरी की क़यादत मे निकाला गया।फैज़ जाफरी की सोज़ख्वानी से मजलिस का आग़ाज़ हुआ ज़ाकिरे अहलेबैत अशरफ अब्बास खाँ साहब ने मजलिस को खेताब किया।अन्जुमन नक़विया ,अन्जुमन ग़ुन्चा ए क़ासिमया व अन्जुमन मज़लूमिया ने जुलूस मे शिरकत की।जुलूस अपने परम्परागत मार्गों पर गश्त करते हुए दरगाह हज़रत अब्बास पहुंच कर सम्पन्न हुआ।अलम ताबूत की ज़ियारत को अक़ीदतमन्द जुटे रहे तो रास्ते भर ठण्डे पानी शरबत व चाय बिस्किट के स्टाल लगा कर लोगों को तक़सीम किया गया।इस मौक़े पर हसन नक़वी ,शफक़त अब्बास पाशा ,पार्षद फसाहत हुसैन ,समर अब्बास शमसी ,रौनक़ सफीपुरी ,क़िबला नक़वी ,अली आला ज़ैदी ,अबशार आब्दी ,सैय्यद मोहम्मद अस्करी ,मिर्ज़ा अज़ादार हुसैन ,आसिफ रिज़वी ,आसिफ रज़ा चायली ,आसिफ हैदर ,वसमी हुसैन ,महमूद अब्बास ,बाशू भाई ,नजमुल हुसैन जैग़म अब्बास ,लख्ते असग़र आरज़ू हैदर ,ज़हीन हैदर नक़वी ,शादाब ज़मन शारु ,अस्करी अब्बास यासिर ज़ैदी ,ज़हीर अब्बास ,राजन अब्बास ,अरशद ,इरशाद हुसैन निराले भाई समेत सैकड़ो अक़ीदतमन्द शामिल।

# 5 करोड़ रुपये की रंगदारी मामले में अतीक के 3 गुर्गो पर कसेगा शिकंजा

## 10 अक्तूबर तक कुर्की का नोटिस होगा चस्पा

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** माफिया अतीक अहमद के फरार तीन गुर्गों पर शिकंजा कसेगा। पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के मामले में आरोपियों के घरों पर 10 अक्टूबर तक कुर्की की कार्रवाई का नोटिस चस्पा कर दिया जाएगा। यदि वह तय अवधि में वह कोर्ट के सामने पेश नहीं होते हैं तो कोर्ट की अनुमति से कुर्की की जाएगी। अतीक अहमद के बेटे अली पर पांच करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने का आरोप है। इस मामले में कुल 9 आरोपी नामजद किए गए थे। पुलिस ने दो आरोपियों को मौके से गिरफ्तार कर लिया गया था। इमरान गुड्डू को पिछले दिनों गिरफ्तार किया गया था। वहीं अतीक, अली और अमन जेल में हैं। असाद, कछौली और तालिब अब तक फरार हैं। इन तीन आरोपियों के घरों में कुर्की की नोटिस चस्पा होगी।

# प्रयागराज में प्रेमी युगल ने गंगा में लगाई छलांग

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** दारागंज में प्रेमी युगल ने गुरुवार को शास्त्री पुल से खुदकुशी करने की नियत से पुल पर खड़े होकर गंगा में छलांग लगा दी, जिसका पता लगते ही किनारे के पास मौजूद लोगों ने शोर मचा दिया। जिसे सुनकर नाव चलाने वाले मल्लाहों समेत गोताखोरों ने गंगा में छलांग लगा दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। दोनो की खोजबीन जारी है। जानकारी हो कि बाढ़ के बाद से गंगा की बहाव तेज बना हुआ है। फिलहाल दोनो के बारे में कोई जानकारी नही मिल पायी है।



# दुर्गा पंडालों और मंदिरों में नवमी पर मां की हुई आराधना

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** शारदीय नवरात्र की नवमी पर शहर के विभिन्न पूजा पंडालों में देवी की संधी पूजा हुई। इसे मां दुर्गा की वार्षिक पूजा का प्रमुख स्थान माना जाता है। यह पूजा 2 तिथियों की मिलन की बेला में होती है। इस बार संधी पूजा दोपहर 3 बजकर 46 मिनट से 4 बजकर 24 मिनट के बीच हुई। सोमवार को अष्टमी की महा पूजा की गई। मंगलवार की सुबह पंडालों में रौनक देखी गयी। प्रवेश पूजा के बाद कलश में कई नदियों का जल भरकर स्थापना हुई। आज नवमी की पूजा शहर के विभिन्न पंडालों में की गई। नवरात्रि के नौवें दिन कन्या पूजा और देवी का महा भोग का आयोजन किया गया। देवी मंदिरों में भी मां की आराधना करने के लिए भक्त जुटे रहे।



# दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान चार युवक नदी में डूबे

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** विजयदशमी के दिन दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान प्रयागराज जिले के अलग-अलग स्थानों पर हादसे हुए थे। चार युवक नदी में डूब गए थे। उनमें से दो की मौत हो गई है। यमुनापार के कोरांव में प्रतिमा विसर्जन के दौरान एक युवक की पानी में डूबने से मौत हो गई जबकि एक को बचा लिया गया था। वहीं गंगापार में फूलपुर के वरुणा नदी में एक युवक समा गया था, उसकी मौत हो गई, एक अन्य डूबे युवक को बचा लिया गया था। फूलपुर में वरुणा नदी में दो युवक डूबे रहे थे। फूलपुर में वरुणा नदी में प्रतिमा विसर्जन के दौरान दो युवक बुधवार की शाम गहरे पानी में चले गए और डूबने लगे। यह देख साथ के लोगों ने उन्हें मशक्कत के बाद बाहर निकाला।

# एयू के छात्रनेता अजय यादव को मिली धमकी

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय के छात्रनेता व संयुक्त छात्र संघर्ष समिति के संयोजक अजय यादव सम्राट को जान से मारने की धमकी मिली है। उनका आरोप है कि खुद को हालैंड हाल छात्रावास का अंतःवासी बताते हुए छात्रों ने अलग-अलग मोबाइल नंबरों से कई बार फोन कर उन्हें धमकाया। अजय यादव ने कहा कि उन्होंने एक छात्र से पैसा छीनकर भाग रहे युवकों को पकड़ने के लिए तीनों गेट बंद कराए थे। इसके बाद उनको धमकियां आनी शुरू हो गईं। इस बीच रात करीब पौने 12 बजे अजय यादव सम्राट को एक के बाद एक तीन फोन आए। इसमें उनको गेट बंद कराने के लिए धमकाया गया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। अजय यादव सम्राट ने कहा कि खुद को हालैंड हाल का अंतःवासी बताते हुए कई फोन किए गए। इसमें उनको जान से मारने की धमकी दी गई है। पुलिस को तहरीर दी जा रही है।



# रेलवे का सफर हुआ और महंगा 130 ट्रेनों को सुपरफास्ट बनाकर बढ़ाया किराया

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** रेलवे ने देशभर की 130 मेल-एक्सप्रेस ट्रेनों को सुपरफास्ट का दर्जा देकर सभी श्रणियों के किराये में भारी बढ़तरी कर दी है। इसके तहत ट्रेनों के एसी-1 व एक्जीक्यूटिव श्रेणीयों में 75 रुपये प्रति यात्री, एसी-2,3, चेयरकार में 45 रुपये व स्लीपर श्रेणी में 30 रुपये प्रति यात्री किराया बढ़ा दिया है। इस प्रकार यात्रियों को एक पीएनआर (छह यात्री) की बुकिंग में एसी-1 में 450 रुपये, एसी-2,3 में 270 और स्लीपर में 180 रुपये यात्रियों को अतिरिक्त भुगतान करना होगा। यह व्यवस्था एक अक्तूबर से लागू कर दी गई है।



# रामलीला मैदान में हुआ राम रावण-युद्ध,हजारों लोग हुए रोमांचित

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रतापगढ़।** जनपद की श्री रामलीला समिति प्रतापगढ़ द्वारा विजयदशमी के दिन भगवान श्री राम और रावण युद्ध की मनोहर झाँकी निकाली गई।दोनों योद्धा रामलीला मैदान में द्वंद युद्ध करने के लिए अपनी अपनी सेनाओं के साथ जा डटे। गोपाल मंदिर से शाम 4बजे भगवान श्री राम अपनी सेना के साथ रावण से युद्ध करने निकले।उधर रावण गोपाल मंदिर से प्रभु श्री राम से युद्ध करने रामलीला मैदान अपनी सेना के साथ पहुँचा।दोनों के युद्ध को देखकर हजारों की संख्या में मौजूद लोग रोमांचित हो उठे।उधर समिति द्वारा रावण की 80 फीट विशाल प्रतिमा रामलीला मैदान में आकर्षण का केंद्र थी। राम-रावण का युद्ध देखने के लिए हजारों की संख्या में भक्त मैदान में उपस्थित थे।रामलीला समिति ने अतिथियों के लिए मंच बनवा रखे थे। विजयदशमी कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजकुमारी रतन सिंह,विशिष्ट अतिथि सदर विधायक राजेंद्र कुमार मौर्य, नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह, सेना के कर्नल, जिलाधिकारी नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, हरी प्रताप सिंह आदि रहे।सभी अतिथियों की मौजूदगी में श्री राम रावण का 40 फुट ऊंचे बने हाइड्रोलिक मंच से भयंकर युद्ध हुआ। युद्ध में प्रभु श्री राम ने रावण



का वध कर दिया।मैदान में बने विशाल रावण के पुतले में श्री राम के बाण से लगे तीर से विस्फोट होने पर पुतले का दहन होना लोगों को रोमांचकारी लगा। उपस्थित जन समुदाय ने भगवान राम की जयकार का गगनभेदी नारा लगाया और उनकी आरती उतारी।आरती करने वालों में कार्यक्रम की मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राजकुमारी रतन सिंह,विधायक सदर राजेंद्र कुमार मौर्य,नगर पालिका अध्यक्ष प्रेमलता सिंह, जिलाधिकारी नितिन बंसल, पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल, पूर्व विधायक हरि प्रताप सिंह, एस0एस0पी0, अपर जिला अधिकारी त्रिभुवन शर्मा, सीओ सिटी एवं एलआईयू इंस्पेक्टर ओ0पी0एन0 सिंह, रामलीला समिति के संरक्षक जय नारायण अग्रवाल, रोशनलाल उमरवैश्य, श्याम शंकर सिंह, ओमप्रकाश कासौधन, लखन बाबा, सुरेश अग्रवाल, अध्यक्ष संजय खंडेलवाल, संयोजक दिनेश सिंह 'दिन्नू' ,मंत्री विपिन गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनीष गुप्ता आदि प्रमुख रहे। रावण को मारकर भगवान श्रीराम का विजय रथ चौक होते हुए जेल रोड लक्ष्मी नारायण मंदिर पहुँचा।वहाँ भगवान की आरती की गई। वर्षात होने के बावजूद भी जन समुदाय का भगवान राम के प्रति श्रद्धा भाव और इस रोमांचकारी दृश्य वाले मेले को देखना सुखद रहा। विजय रथ प्रभु जब राम भक्त हनुमान से मिलने हनुमान मंदिर चिलबिला पहुँचा तो समिति के संरक्षक रोशनलाल उमरवैश्य ने भगवान की आरती उतारी।संयोजक दिनेश सिंह 'दिन्नू ने कहा कि सभी भक्तों को भगवान श्री राम के आदर्शों पर चलना चाहिए।समिति ने मातृ शक्तियों के लिए अलग से मंच बना रखा था।नारियों का पगड़ी पहना व पट्टिका पहनाकर सम्मानित किया गया।समिति ने शांति,सौहार्द पूर्ण एवं भव्य ढंग से संपन्न हुए इस कार्यक्रम हेतु प्रशासन एवं आमजन का आभार व्यक्त किया है।




# प्रयागराज शहर में भी बेसहारा मवेशियों की होगी टैगिंग, नगर निगम 1 माह में कांजी हाउसों में करेगा व्यवस्था

(आधुनिक समाचार सेवा)

**प्रयागराज।** प्रयागराज के ग्रामीण इलाकों में तो बेसहारा मवेशियों के टैगिंग की व्यवस्था है लेकिन अभी तक शहर में ऐसी व्यवस्था नहीं थी। हालांकि अब नगर निगम का पशुपालन विभाग शहर की सड़कां पर घूमने वाले छुट्टा पशुओं की टैगिंग



कराएगा। इस संबंध में नगर निगम के पशुपालन विभाग से जरूरी औपचारिकताएं लगभग पूरी हो चुकी हैं। एक माह के भीतर कांजी हाउसों में टैगिंग शुरू हो जाएगी। अवैध डेयरी संचालकों के आगे नगर निगम बेबस। दरअसल प्रयागराज शहर में न अवैध डेयरियों पर लगाम लग पा रहा है और न ही पशुपालकों की मनमानी ही रुक रही है। दो वर्ष पहले के सर्वेक्षण में शहर में 693 अवैध डेयरियां चिह्नित हुई थीं। जबकि शासन ने शहरी क्षेत्र में डेयरी संचालन को पूरी तरह से बंद करने का निर्देश दिया है। अवैध डेयरी संचालकों के आगे निगम प्रशासन लाचार नजर आ रहा है। टैगिंग से पशुओं के मालिक का पता चल सकेगा । पशुओं के पहचान पशुपालक सुबह-शाम पशुओं को खुला छोड़ देते हैं, जो सड़कों पर विचरते रहते हैं। पशुओं के पकड़े जाने पर वे जुर्माना देकर छुड़ा लेते हैं। पशुओं को छुड़ाते वक्त वे अलग-अलग नामों से शपथपत्र बनवाते हैं ताकि उनकी पहचान न हो सके। चूंकि पशुओं की पहचान का अभी कोई तरीका नहीं है, इसलिए निगम प्रशासन बार-बार मनमानी करने वाले पशुपालकों के खिलाफ कार्रवाई भी नहीं कर पा रहा है। तीन माह के दौरान ऐसे 100 से अधिक प्रकरण सामने आ चुके हैं। क्या कहते हैं नगर निगम के पशुधन अधिकारी । नगर निगम के पशुधन अधिकारी डा. विजय अमृतराज का कहना है कि कांजी हाउस में टैगिंग शुरू होने के बाद पशुपालकों को चिह्नित करना आसान हो जाएगा। इस काम में पशुपालन विभाग का सहयोग लिया जाएगा। इसके लिए मुख्य पशु चिकित्साधिकारी डा. आरपी राय को पत्र भेजा जा चुका है। जुर्माना भी बढ़ने की हो रही तैयारी । नगर निगम की ओर से अब मवेशियों को पकड़ने पर जुर्माना की राशि बढ़ाई जाएगी। बड़े मवेशियों को पकड़ने पर 10 हजार और छोटे मवेशियों को पकड़ने पर पांच हजार का जुर्माना लगेगा। वर्तमान में दो और एक हजार रुपये जुर्माना लिया जाता है। उच्च अधिकारियों से स्वीकृत मिलने के बाद बढ़ा हुआ जुर्माना पशुपालकों से वसूला जाएगा।

# पुलिस ने मवेशियों की चोरी करने वाले चोरों को दौड़ाकर दबोचा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सैदपुर।** पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, पुलिस ने गांवों से मवेशियों की चोरी करने वाले दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है। बहदगांव बुढ़ौली में सूचना के बाद महिला उपनिरीक्षक ऋतु व हैदर अली मय फोर्स पहुंचे। वहां वाराणसी व शिवप्रसाद सोनकर पुत्र गोपाल निवासी लखमीपुर पहाड़पुर बताया। पिकअप में से दो गोवंश समेत दो भैंस बरामद हुईं। जिसके बाद दोनो को जेल भेज दिया गया। वहीं इस मामले में शामिल सगे भाई सद्दाम व राजू कुरैशी पुत्र कतवारू निवासी पहाड़पुर फरार चल रहे



चेकिंग के दौरान पुलिस को देखकर एक पिकअप भागने लगी, जिसके बाद उन्होंने दौड़ाकर पकड़ लिया।उसमें से दो शातिर चोर मिले, उन्होंने अपना नाम रियाज खान पुत्र अब्दुल समद निवासी मकबूल आलम रोड हैं। कोतवाल विमलेश मौर्य ने बताया कि दोनों की तलाश की जा रही है। बता दें कि पकड़े गए चोर रात के अंधेरे में लोगों के घरों के बाहर बंधी लाखों कीमत की दुधारू भैंसों को खोल ले जाते थे।

# भीमापार में कल होगा विराट कुश्ती दंगल

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सैदपुर।** क्षेत्र के भीमापार स्थित अमुआरा गांव मे कल अक्टूबर को वार्षिक विराट कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए आयोजक रमेश यादव ने बताया कि कुश्ती दंगल में हरियाणा, पंजाब, बंगाल, बिहार समेत नेपाल से भी पहलवान हिस्सा लेने आएंगे। इस दौरान बतौर मुख्य।

# ईओ ने चलवा दिया बुलडोजर, मचा हड़कंप

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सैदपुर।** नगर के वार्ड 4 में सड़क किनारे बनाई जा रही बिना गुणवत्ता की बाउंड्री को नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने ढहवा दिया। इस बात की शिकायत मिलने के बाद ईओ मौके पर पहुंचे तो शिकायत सही पाया। इसके बाद जेसीबी से पूरी बाउंड्री को ढहवाकर ठेकेदार को पुनर्निर्माण का निर्देश दिया। अधिशासी अधिकारी की इस कार्रवाई के बाद



बाउंड्री को ठेकेदार द्वारा मौरंग की बजाय सिर्फ सफेद बालू से बनवाया जा रहा था। ईओ ने बताया कि इसके अलावा प्रयुक्त की गई ईंट तीसरे दर्जे की थी, सीमेंट भी बेकार थी, इसके अलावा बाउंड्री की नींव तक नहीं बनाई गई थी। हड़कम्प मच गया। ईओ ने कहा कि जनहित के कार्यों में इस तरह की लापरवाही क्षम्य नहीं है। कहा कि पहली बार में ही निर्माण ढहवाकर चेतावनी दी गयी है। दोबारा ऐसा होने पर ठेकेदार को ब्लैकलिस्टेड किया जा सकता है

# राजकीय मेडिकल कालेज आजमगढ़ के कोविड वार्ड में मंगलवार को दो मरीज और हुए भर्ती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आजमगढ़।** इस बार कोरोना संक्रमण के सर्वाधिक मामले आजमगढ़ जिले में दर्ज किए गए जहां पर दर्जन भर मरीजों की मौत भी कोरोना संक्रमण की वजह से होने के साथ ही लगातार सक्रिय मामले बने हुए हैं। जिले में राजकीय मेडिकल कालेज में चौथी बार 29 सितंबर से कोविड वार्ड शून्य चल रहा था। अब दो और सक्रिय मामले आने के साथ ही अब तक 113 मरीज भर्ती हो चुके हैं। वहीं इस दौरान कुल 12 लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि कोरोना को मात देने के बाद 97 लोग पूरी तरह से स्वस्थ होकर डिस्चार्ज होकर घर वापस आ चुके हैं। कोरोना की चौथी लहर में मंगलवार की शाम राजकीय मेडिकल के कोविड वार्ड में दो संक्रमित मरीज़ भर्ती हुए।इससे पूर्व बीते 29 सितंबर से कोविड वार्ड शून्य चल रहा था ।इस प्रकार कोरोना की चौथी लहर में चौथी बार 29 सितंबर को कोविड वार्ड शून्य हुआ था। इस प्रकार कोविड वार्ड छह दिन तक शून्य रहा।यदि आंकड़ों पर नज़र दौड़ाई जाए तो कोरोना की चौथी लहर में पहला मरीज बीते दो जून को भर्ती हुआ परंतु वह पांच जून को स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो गया। फिर 20 जून से संक्रमित मरीज़ों के भर्ती होने का सिलसिला शुरू हुआ तो वह निरंतर जारी रहा है। हालांकि, इस बीच पांच जून को कोविड वार्ड पहली बार शून्य हुआ। इसके बाद 20 जून से संक्रमित मरीज़ों के भर्ती होने का क्रम शुरू हुआ था।इसके बाद बीते 19 जुलाई को दूसरी बार तथा 29 अगस्त को तीसरी बार एक -एक दिन के लिए कोविड वार्ड शून्य हुआ था। मैट्रन अनीता मैरल ने बताया कि कोरोना की चौथी लहर में अब तक 113 मरीज़ भर्ती हो चुके हैं। जिनमें 12 की मौत हो चुकी है जबकि 97 स्वस्थ होकर डिस्चार्ज हो चुके हैं।



# बलिया में ओमप्रकाश राजभर को मंच पर खींच लाए डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक मंच पर दिखे नए सियासी समीकरण

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** जिले में बुधवार को सुभासपा प्रमुख ओमप्रकाश राजभर और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक एक कार्यक्रम में मंच पर नजर आए तो नए सियासी समीकरणों को चर्चा पूर्वांचल में शुरू हो गई। दरअसल अस्पताल के उद्घाटन समारोह में दोनों ही नेता आमंत्रित थे। मंच पर ब्रजेश पाठक ने ओमप्रकाश राजभर को अपने बगल बुलाया और उनके साथ गुफ्तगू कर नए सियासी समीकरणों को हवा भी दी। इस दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर बनाने का उद्देश्य और सोच यही होनी चाहिए कि गरीब जनता की कैसे मदद की जाए। यह ग्रामीणांचल में लोगों की सेवा करने के साथ पुनीत कार्य भी होगा। वे रसड़ा क्षेत्र के पटना गांव में बुधवार को बाबा रामदल सूरजदेव हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।बलिया जिले में एक उद्घाटन समारोह में मंच पर ओमप्रकाश राजभर ही नहीं बल्कि ब्रजेश पाठक भी कार्यक्रम के दौरान एक मंच पर नजर आए तो बलिया जिले में सियासी समीकरण भी नए सिरे से बनते नजर आए।इस दौरान डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने कहा कि हॉस्पिटल और रिसर्च सेंटर बनाने का उद्देश्य और सोच यही होनी चाहिए कि गरीब जनता की कैसे मदद की जाए। यह ग्रामीणांचल में लोगों की सेवा करने के साथ पुनीत कार्य भी होगा। वे रसड़ा क्षेत्र के पटना गांव में बुधवार को बाबा रामदल सूरजदेव हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे।उन्होंने कहा कि कोरोना काल में जिस तरह स्वास्थ्य महकमे ने काम किया, पूरे विश्व में भारत और खासकर यूपी उदाहरण बना। गरीब परिवार को राशन देकर उनको समय से भोजन भी सुनिश्चित कराया गया। हमारी सरकार की सोच हमेशा से गरीब व जरूरतमंदों की सेवा रही है।डिप्टी सीएम ने कहा कि सीएचसी-पीएचसी में आने वाले प्रतिदिन के आंकड़े को देखा जाए तो 1.6 लाख से 1.80 हजार मरीज आते हैं। इसमें 10 से 12 हजार दुर्घटना के शिकार आते हैं। प्रदेश की जनता से अपील की है कि ट्रैक्टर ट्राली पर यात्रा कत्तई न करें। आठ हजार मरीज गम्भीर रोग से ग्रसित ,आते हैं। पांच हजार ऑपरेशन रोजाना निःशुल्क हो रहा है। सभी मरीजों को उच्च कोटि का इलाज निःशुल्क कराने की जिम्मेदारी हमारी है और उसका निर्वहन बखूबी सरकार रही है।प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि आज गुंडे माफिया या तो प्रदेश के बाहर हैं या जेल में हैं। एंटी रोमियो के जरिए मनचलों पर भी कार्रवाई की जा रही है। नतीजा हमारी बहन-बेटी आज सुरक्षित महसूस कर रही हैं। अंत में उन्होंने जबको भरोसा दिलाया कि मैं आपका भाई हूँ, बेटा हूँ, जब भी किसी मुसीबत में याद करेंगे, सहयोग के लिए तत्पर रहूंगा।डिप्टी सीएम ने राजभर को बताया दोस्त इस कार्यक्रम में सुभासपा अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर की मौजूदगी चर्चा का विषय रही। डिप्टी सीएम राजभर के साथ मंच पर वह पहुंचे तो उन्होंने ओमप्रकाश राजभर को अपना दोस्त बताया। दोनों ने एक -दूसरे की तारीफ भी इस दौरान करते हुए सियासी बयानबाजियों से भी परहेज रखा।



# सीएमओ के निरीक्षण में अनुपस्थित मिले एक डाक्टर व चार हेल्थ सुपरवाइजर समेत 11 स्वास्थ्यकर्मी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**आजमगढ़।** ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी स्वास्थ्य व्यवस्था की स्थिति में सुधार नहीं है। सोमवार की रात को सीएमओ डा. इंद्रनारायण वही स्टाफ नर्स खुशबू चौहान अनुपस्थित रहीं। लेकिन वार्ड में गंदगी देख नाराजगी जताई और सफाई सहित लोगों को बेहतर सेवा देने का निर्देश दिया। वार्ड में भर्ती की उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। सभी का एक दिन का वेतन काटने का निर्देश महुला सीएचसी में पहले से अनुपस्थित चल रहे लैब असिस्टेंट प्रिंस राय,



तिवारी ने छपरा सुल्तानपुर, अजमतगढ़, महुला और लाटघाट सीएचसी का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान एक डाक्टर, चार हेल्थ सुपरवाइजर समेत 11 स्वास्थ्यकर्मी अनुपस्थित मिले। नाराजगी व्यक्त करते हुए सीएमओ ने सभी का एक दिन का वेतन रोकने के निर्देश दिया। छपरा सुल्तानपुर सीएचसी के निरीक्षण में डा. फालगुनी नूपुर 23 सितंबर से तो मरीजों से दवा, खानपान आदि के बारे में जानकारी ली। उसके बाद अजमतगढ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे तो वार्ड में गंदगी मिली।टेकनेशियन भी ड्यूटी से नदारद उपस्थिति पंजिका देखे तो पता चला कि हेल्थ सुपरवाइजर अमित कुमार भारती, उमेश राय, एक्स-रे टेकनेशियन मनीष कुमार और अनिल राय ड्यूटी से नदारद है। इसके बाद मरीजों से दवा आदि फार्मासिस्ट एपी सिंह नदारद रहे। उधर, लाटघाट सीएचसी पहुंचे तो मरीजों से दवा, खानपान आदि के बारे में जानकारी ली। एक्स-रे टेकनेशियन महेंद्र, शिवप्रसाद सोनकर और एएनएम पूनम अनुपस्थित मिलीं। नाराजगी जताते हुए सभी का एक दिन का वेतन रोकने व एक सप्ताह के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

# बलिया में देवी दुर्गा की विदाई 52 स्थानों पर हुआ मूर्ति विसर्जन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**बलिया।** शारदीय नवरात्र की समाप्ति के बाद बुधवार को मां दुर्गा की विदाई हो रही है। जिले में स्थापित 636 प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए तैयारी पूरी कर ली गई है। 52 स्थानों पर विसर्जन किया जाएगा। हर जगह सुरक्षा व्यवस्था के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई है। इस बार 16 प्रतिमाएं स्थायी रूप से स्थापित की गईं थीं। शहर में जमुआ नवीन परती व ओझवलिया पोखरा में मूर्ति विसर्जन किया जा रहा है। दुबहर में जौहरी माता पोखरा भड़सर, ओझवलिया, गायघाट, पचरूखिया (गंगा का छाड़न), सुखपुरा गांव का पोखरा, सुरहाताल दक्षिणी, गड़वार के गांव का पोखरा, फेफना में सेमरा घाट, तीखा पुल, मटही पुल (टोंस नदी) में विसर्जन किया जाएगा। उधर, नरहीं में दो, चितबड़ागांव एक, बैरिया तीन, हल्दी दो, दोकटी एक, बांसडीहरोड तीन, सहतवार तीन, मनियर दो, सिकंदरपुर चार, पकड़ी दो, रसड़ा एक, नगरा एक, भीमपुरा आठ व उभांव में दो स्थानों पर विसर्जन शांति पूर्वक चल रहा है।शहर कोतवाली में 30, दुबहर 12, गड़वार 60, सुखपुरा 28, फेफना 28, नरहीं 18, चितबड़ागांव 23, बैरिया 43, हल्दी 28, दोकटी 17, रेवती 35, बांसडीह 37, बांसडीहरोड 18, सहतवार 24, मनियर 13, सिकंदरपुर 27, खेजुरी 14, पकड़ी 16, रसड़ा 58, नगरा 25, भीमपुरा 32 और उभांव में 52 प्रतिमाएं स्थापित होगी।इस बार मूर्तियों के विसर्जन के दौरान डीजे बजाने की अनुमति नहीं होगी। अगर कहीं बजता हुआ मिला तो पुलिस कार्रवाई करेगी। सिर्फ दो स्पीकर की अनुमति रहेगी। इस बार नियम को कड़ाई से लागू करने के आदेश हुए हैं।बोले अधिकारी : विसर्जन के लिए चयनित स्थानों पर अधिकारियों ने लगातार भ्रमण कर व्यवस्था का जायजा लिया है। हर जगह शांतिपूर्ण तरीके से प्रतिमाओं का विसर्जन कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह तैयार है। सौम्या अग्रवाल, जिलाधिकारी। बोले एसपी : विसर्जन स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के लिए आवश्यकतानुसार पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। विसर्जन स्थलों की सूची पहले ही फाइनल हो गई थी। इस संबंध में सभी थानों के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं।



# चंदौली में डायरिया पीडित गांव में पहुंची स्वास्थ्य टीम, पानी की जांच के साथ स्वास्थ्य जांच पर जोर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**चंदौली।** नौगढ़ विकास क्षेत्र के बागी गांव में एक ही परिवार के 11 लोग डायरिया से पीडित होने की खबर जागरण में प्रमुखता से पांच सितंबर के अंक में प्रकाशित किया था खबर लगते ही चंदौली जिले की टीम हरकत में आ गई। बुधवार को जिले के आईडीएफसी के नोडल अधिकारी शरद मिश्रा अपनी टीम के साथ भागी गांव में पहुंच गए और डायरिया से पीडित परिवार और आसपास के ग्रामीणों का हेल्थ चेकअप किया एवं हैंडपंप से लेकर वह के पानी का जांच भी किया। बताया जाता है कि बागी गांव में एक ही परिवार के डायरिया से 11 लोग पीडित हो गए थे दिन में चार की हालत गंभीर थी जिन्हें सोनभद्र के जिला चिकित्सालय लोढ़ी और वाराणसी के कौडिया हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है।आइडीएफसी के नोडल अधिकारी शरद मिश्रा ने बताया कि पानी के कारण ही इन लोगों को उल्टी दस्त शुरू हुई है चंदौली की टीम ने पीडित परिवार के रुकमीना उम्र 36 वर्ष, ममता उम्र 32 वर्ष, रागिनी उम्र 14 वर्ष, नंदिनी उम्र 12 वर्ष, सत्यम उम्र 10 वर्ष, मोनी उम्र 8 वर्ष, महिमा उम्र 6 वर्ष का हेल्थ चेकअप किया और आवश्यक मेडिसिन देते हुए कहा कि दिन में दो बार दवा को खाना है एवं पानी को उबालकर पीना है।इसके साथ ही ओआरएस का घोल देते हुए कहा कि अगर उल्टी दस्त शुरू होती है तो वायरस का घोल दें सुधार नहीं हो रहा है तो तुरत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराएं। एवं दवा को पानी में घोलकर पूरे घर में और पूरे बस्ती में छिड़काव किया गया। बस्ती के सभी घरों में पानी का जांच किया गया। सभी ग्रामीणों को जिले की आईडी एस सी की टीम ने सलाह दिया कि किसी भी प्रकार से पानी को इस तरह नहीं पीना है जब भी प्यास लगे पानी उबालकर छानकर दूसरे बर्तन में रख ले और उसी का सेवन करें। डॉक्टर सुनील सिंह, एनम वंदना, वार्ड बॉय दिनेश ,आशा सुमित्रा सहित जिले की टीम शामिल थे।



100% Placement
सीधे प्रवेश
15% Fee Concession
नैनी औद्योगिक प्रशिक्षण केन्द्र
(भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त)
(पहले आओ पहले पाओ)
❖ प्रशिक्षण में उत्तीर्ण होने वाले छात्रों को रोजगार पाने का पूर्ण अवसर
❖ हाइस्कूल में 60% से उपर अंक लाने वाले छात्रों को प्रशिक्षण शुल्क में 15% प्रतिशत की छूट दी जायेगी।



➢ कम्प्युटर आपरेटर (कोपा) फिटर
➢ डेटा इंट्री आपरेटर वेल्डर
➢ फायर सेफ्टी सीसीए
➢ कम्प्युटर टीचर ट्रेनिंग रेफ्रीजरेटर एवं ए.सी.
➢ इलेक्ट्रीशियन सिक्योरिटी सर्विस
➢ सीएनसी प्रोग्रामिंग बेसिक कम्प्युटर
➢ इलेक्ट्रिक मैकैनिक कम्प्युटर हाडवेयर



Apply Online: www.nainiiti.com | Mail us at – info@nainiiti.com
प्रवेश हेल्पलाइन नं0
8081180306 , 9415608710 , 8103021873
➪ इण्डियन कॉफी हाउस के सामने तुलसीयानी प्लाजा , तीसरी मंजिल , सिविल लाइन , प्रयागराज।

# मिर्जापुर

### आबकारी टीम द्वारा अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ छापेमारी

**(आधुनिक समाचार सेवा).**
**मिर्जापुर।** देहात कोतवाली थाना क्षेत्र के जमुनाहिया में सोमवार को आबकारी टीम द्वारा अवैध शराब कारोबारी के खिलाफ छापेमारी की गई। इस दौरान आबकारी निरीक्षक विवेक द्विवेदी ने बताया कि जिला आबकारी अधिकारी राकेश अग्रवाल के निर्देश आबकारी विभाग द्वारा अवैध रूप से शराब कारोबारियों और बनाने वालो के खिलाफ लगा तार कार्यवाही की जा रही है इसी क्रम में सोमवार को आबकारी और स्थानीय पुलिस द्वारा जमुनहीया में दविश दिया गया इस दौरान 100 किलो लहन महुआ और 10 लिटर कच्ची शराब बरामद हुआ।

## लालगंज थाना क्षेत्र चौकी प्रभारी हुऐ लाई हाजिर

**(आधुनिक समाचार सेवा).**
**मिर्जापुर।** मिर्जापुर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने सोमवार को लालगंज थाना क्षेत्र के बरौधा चौकी प्रभारी को लाइन हाजिर कर दिया है। बरौधा चौकी प्रभारी अजय कुमार श्रीवास्तव के खिलाफ कुछ लोगों की तरफ से शिकायत की गई थी। जिसके बाद पुलिस अधीक्षक ने चौकी प्रभारी बरौधा को लाइन हाजिर कर दिया। फिलहाल किसी नए चौकी प्रभारी की तैनाती नहीं हुई है।

## आपसी विवाद मे युवक कुऐ में गिरा

**(आधुनिक समाचार सेवा).**
**मिर्जापुर।** मिर्जापुर कछवां थाना क्षेत्र के बरैनी गांव में सोमवार को सुबह विवाद के बाद एक युवक ने दूसरे को मारने के लिए दौड़ा लिया। भाग रहा युवक पैर फिसलने से कुएं में गिर गया। कुएं में गिरने पर ग्रामीणों के सहयोग से उसे बाहर निकाला गया। जब तक उसे कुएं से बाहर निकाला गया, उसकी मौत हो गई थी। पुलिस कुएं में कूद कर आत्महत्या करने की बात कहकर पूरे मामले की जांच कर रही है।

## जीले में दो कोरोना पॉजिटिव मिले

**(आधुनिक समाचार सेवा).**
**मिर्जापुर।** सीएमओ डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि आज जिले में दो कोरोना पाजिटिव मरीज मिले हैं। जो गुरुसंडी निवासी एक 19 वर्षीय व दूसरी 20 वर्षीय युवती है। टीम ने संक्रमितों को होम आइसोलेट करा दिया है। जबकि पूर्व में मिले कोई संक्रमित स्वस्थ नहीं हुए हैं। रैपिड रिस्पांस टीम लगातार कोरोना संदिग्ध की जांच कर रही है

## शांतिभंग मे दस व्यक्तियो का चालान

**(आधुनिक समाचार सेवा).**
**मिर्जापुर।** मिर्जापुर। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने सोमवार को शांतिभंग में दस व्यक्तियों का चालान किया। पुलिस के अनुसार राजगढ़ एक, मड़िहान तीन, अदलहाट दो, चुनार एक, लालगंज एक व कछवां दो व्यक्तियों का चालान किया गया है।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूति को लेकर बैठक हुई सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा).**
**मिर्जापुर।** मुख्य विकास अधिकारी श्रीलक्ष्मी वीएस की अध्यक्षता में सोमवार को नगर के पथरहिया स्थित विकास भवन सभागार में शैक्षणिक सत्र 2022-23 में पूर्व दशम कक्षा नौ व दस एंव दशमोत्तर छात्रवृत्ति व शुल्क प्रतिपूर्ति को लेकर बैठक हुई। जिसमें सीडीओ ने जिला समाज कल्याण अधिकारी, पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, आईटीआई व पालीटेक्निक के प्रधानाचार्य, केबीपीजी कालेज,कौशल विकास मिशन आदि शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्य व प्रमुख उपस्थित रहे। इस दौरान सीडीओ ने पूर्व दशम के छात्र-छात्राओं की छात्रवृति,शुल्क प्रतिपूर्ति आवेदनों का पात्र एवं त्रुटि रहित आवेदन पत्रों को 20 अक्तूबर तक विद्यालय स्तर से फारवर्ड करने के निर्देश दिए गए। इसी प्रकार दशमोत्तर आवेदन पत्रों को सात नवबंर तक भर का 15 नवबंर तक विद्यालय से फारवर्ड करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान सीडीओ ने कहा कि किसी प्रकार लापरवाही होने पर खुद संस्था प्रमुख जिम्मेदार होगा।

# पंडाल में झुलसीं चचेरी बहनें मंडलीय अस्पताल में भर्ती

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मिर्जापुर।** जिले के औराई थाना क्षेत्र के नरथुआ दुर्गा पूजा पंडाल में आग लगने से झुलसीं चचेरी बहनों को सोमवार की रात मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। दोनों चचेरी बहनें हैं। फिलहाल दोनों की हालत सामान्य है। औराई थाना क्षेत्र के उपरौध निवासी ज्योति (19) पुत्री श्याम मुरारी अपनी चचेरी बहन खुशबू (17) पुत्री धनपत के साथ नरथुआ दुर्गा पूजा पंडाल में गई थी। पंडाल में आग लगने पर दोनों झुलस गई थीं। दोनों का उपचार भदोही जिले के अस्पताल में चल रहा था। सोमवार को उनको ट्रामा सेंटर वाराणसी रेफर किया जा रहा था। इस पर परिजनों ने मिर्जापुर में रिश्तेदारी होने के कारण देखभाल करने में आसानी होने की बात कही। इसके बाद दोनों को मंडलीय अस्पताल रेफर किया गया। सोमवार की रात दोनों को मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# 6 माह पूर्व बनी सड़क व पुलिया पहली बारिश में डावा-डोल होती दिखने लगी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(सोनभद्र) डाला।** विकासखंड चोपन अंतर्गत ग्राम पंचायत कोटा के झपरहवाँ टोला में महज 6 माह पूर्व बना सड़क व पुलिया पहली बारिश में ही अपना रंग रूप दिखाने लगा । जिन रास्तों पर मोटरसाइकिल व चार चक्के गाडियों था वह समय से पहले ही मुंह चिढ़ाने लगा ऐसी स्थिति में इंजीनियरिंग का जीता जागता नमूना प्रमाण देखने को मिला कि मरहम पट्टी करके बनाया गया पुलिया स्वयं में इतरा रहा है और पहली बारिश में ही बंदरों की तरह दांत चिहारना शुरू कर दिया। ग्रामीणों ने बताया कि



को चलने के लिए बनाया गया था सड़क वही 14चक्का से 20 चक्का की गाडियां ओवरलोड चलने की वजह से सड़क खराब होने की स्थिति में आ गई।आपको बताते चलें कि वर्तमान समय में चोपन थाना अंतर्गत सलाई बनवा रेलवे स्टेशन से लगभग प्रतिदिन कई दर्जन गाडियां ओवरलोड कोयला लेकर तेलगूडवा के रास्ते वाराणसी को जाती हैं वही कुछ गाडियों द्वारा शॉर्टकट साधारण रास्ता निकालने के लिए जिसमें जल्दबाजी हो सके इसलिए ग्रामीण संपर्क मार्ग से होकर गुजरना प्रारंभ कर दी जो संपर्क मार्ग स्वतः ही खानापूर्ति कर बनाया गया था मानक के विपरीत पुलिया में लगाए जा रहा सामग्री खराब है इसकी शिकायत करने पर ग्रामीणों को ही डांट कर भगा दिया जाता था आखिरकार गरीब मजदूर अपनी शिकायत किससे करने जाएं मौके पर पुलिया से निकलने वाले साइड वालों कई टुकड़ों में बनाए गए जिनके कारण वह पानी की पहली बारिश होते ही मिट्टी के दबाव के कारण धसना शुरू कर दिया। और निर्माण करा रहे जेई तथा ठीकेदार के काले कारनामों की पोल खुल गई स्थानीयों ने जिला प्रशासन का ध्यान आकृष्ट कराया है कि जिलाधिकारी महोदय कभी भी एक नजर यहां भी आकर देखें ।जिसमें हम गरीबों का भी सुनने वाला कोई मिल सके ।

# दुर्गा पूजा पंडाल के बाहर लगे मिसाइल के मॉडल में अचानक लगी आग

**(आधुनिक समाचार सेवा).**
**मिर्जापुर।** दुर्गा पूजा पंडाल के बाहर लगे मिसाइल के मॉडल में अचानक लगी आग मचा अफरातफरी मच दुर्गा पूजा पंडाल के बाहर लगीं थी भीड़ स्थानीय लोगो ने तत्काल अगिनशमन यंत्र से और आग पर पानी डाल कर पाया काबू बड़ा हादसा होते-होते टला,कछवां आदर्श नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित श्री शंकर कल्याण समिति दुर्गा पूजा पंडाल की घटना।



# खेत में काम कर रही महिला को सर्प ने डसा, मौत

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**सोनभद्र।** आसनडीह गांव में मंगलवार की शाम खेत में मूंगफली उखाड़ते समय एक वृद्ध महिला को सर्प ने डस लिया। सर्पदंश से महिला की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवा दिया। पुलिस के अनुसार सहोदरी देवी (65) पत्नी राजू निवासी आसनडीह अपने खेत में मूंगफली उखाड़ रही थी। उसी समय सर्प ने उसे डस लिया। सर्प के काटते ही महिला चीखते हुए घर की ओर भागी और पति को सांप के डसने की जानकारी दी। पति राजू महिला को बभनी सीएचसी ले जा रहा था मगर रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। परिजन उसे वापस घर लेकर चले गए। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भिजवा दिया। एसओ ने कहा कि शव का पीएम कराने की कार्यवाही की जा रही है।



# नवरात्रि के नौवें दिन मंगलवार को मां सिद्धिदात्री की पूजा सम्पन्न

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(सोनभद्र) डाला।** स्थानीय डाला नगर में शारदीय नवरात्रि के नौवें दिन मंगलवार को मां सिद्धिदात्री की पूजा की जा रही है। सुबह से ही मंदिर व पंडालों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। माता के जयकारों से पूरा मंदिर परिसर एवं पंडाल गूंज उठा। लोगों ने पूरे विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच मां दुर्गा माँ दुर्गा की पूजा व आरती भव्य तरीके से किया गया। उन्होंने बताया कि एकादशी को भंडारे के बाद मातारानी की प्रतिमा का विसर्जन किया जाएगा। वही डाला वैष्णों मंदिर में आज भोर में पट खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी एवं मंदिर परिसर माँ के जयकारों से गूंज उठा। जिसके उपरांत अग्रवाल धर्मार्थ समिति के द्वारा बिशाल भंडारे











के नौवें स्वरुप मां सिद्धिदात्री की आराधना की। माना जाता है कि माता सिद्धिदात्री की पूजा करने से व्यक्ति को सभी सांसारिक सुखों की प्राप्ति होती है। साथ ही उसे ज्ञान, बुद्धि, धन, ऐश्वर्य इत्यादि सभी सुख-सुविधाओं की भी प्राप्ति होती है। कई लोग नवरात्र पर्व की नवमी तिथि को कन्या पूजन कर 9 दिनों से चले आ रहे व्रत का पारण करते हैं। वही डाला बाजार रामलीला मैदान के समीप जय मां दुर्गा पूजा सेवा समिति के तत्वाधान में शारदीय नवरात्रि के नौवें दिन मंगलवार को समिति के अध्यक्ष योगेंद्र सिंह उर्फ गुड्डू पटेल के द्वारा का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं ने मां के दरबार में अर्जी लगाते हुए भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया। वहीं अध्यक्ष मुकेश गर्ग सचिव राजेंद्र गर्ग कोषाध्यक्ष विकास बंसल दिनेश गर्ग राकेश गर्ग कृष्ण गर्ग महावीर गोयल नवनीत अग्रवाल राजकुमार अग्रवाल जगदीश बंसल राजकुमार गोयल अनिल जिंदल निखिल गर्ग सुनील गर्ग सहित समिति के सदस्य शामिल रहे वहीं सुरक्षा को लेकर चोपन थानाध्यक्ष लक्ष्मण पर्वत एवं डाला चौकी इंचार्ज सुरेशचंद्र द्विवेदी अपने सभी स्टाफ सहित महिला आरक्षी के साथ चुस्त दुरुस्त नजर आए।

# राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान चलाया गया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(सोनभद्र) डाला।** राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री के जन्मदिवस पर स्वच्छता अभियान के तहत पडरछ प्रधान प्रतिनिधि अमरेश यादव के नेतृत्व में पडरछ पंचायत भवन पर साफ सफाई कार्यक्रम किया गया आयोजित जिसमें लोगो ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेते हुए स्वच्छता अभियान में साफ सफाई में हाथ बटाया गया। और राष्ट्र पिता महात्मा गांधी एवं पूर्व प्रधानमंत्री लालबहादुर शास्त्री जी के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्प अर्पित करते हुए उनके जीवन पर प्रकाश डाला गया इस दौरान प्रधान सोनी देवी, रोजगार सेवक, इस्तायक अली, सफाई कर्मी, बीर बहादुर, आगनवाड़ी, हेमलता, निर्मला, सरिता, आसा,मीरा, किरन, सिलावती, पूजा, उषा, वार्ड सदस्य, बीरेंद्र शर्मा, विनय, संजय,राम विचार, जयबुन निसा, भागनी, श्यामदेई, दल्लू, देवकुमार, विसुनधारी, इंद्रमनी शामिल रहे।



## मां-बेटी पर हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ड्रमंडगंज।** थाना क्षेत्र के मझिगवां गांव में कुछ दिन पहले रात में घुस कर एक महिला व उसकी पुत्री पर धारदार हथियार से हमला करने के आरोपी को पुलिस ने मंगलवार को सुबह नदौली तालाब के पास स्थित तिराहे से गिरफ्तार कर लिया। उसकी निशानदेही पर हमले में प्रयुक्त चाकू भी बरामद किया गया। बीते 21 सितंबर को घर में सो रही मां-पुत्री पर हमला किया गया था। सुनीता देवी ने थाने में तहरीर देकर बताया कि सोते समय उनके और उनकी पुत्री पर हमला किया गया। पुलिस मुकदमा दर्ज कर इस मामले की जांच कर रही थी। थानाध्यक्ष अतुल कुमार पटेल ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर इस मामले में आरोपी नदौली निवासी सोनू वर्मा को गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी ने पूछताछ के दौरान स्वीकार किया कि वह मोबाइल चुराने की नीयत से महिला के घर में गया था। उसी दौरान नींद से जग जाने पर महिला और उसकी बेटी ने उसका विरोध किया तो उसने दोनों पर चाकू से हमला कर दिया।

# मॉ दुर्गा की भब्य प्रतिमा शांति जल में विसर्जित

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(सोनभद्र) अनपरा।** हिण्डालको रेणुसागर पावर डिवीजन, रेणुसागर प्रेक्षागृह प्रांगण स्थित भब्य दुर्गा प्रतिमा का विसर्जन गाजे बाजे के साथ सिन्दूरदान के उपरान्त किया गया। मॉ दुर्गा एवं लक्ष्मी, गणेश, सरस्वती व भगवान कार्तिकेय की प्रतिमाओं को विसर्जित करने के पूर्व वैदिक मंत्रोचार,अपराजिता पूजा, हवन ,कलस विसर्जन व सिन्दूरदान के उपरान्त पूरे रेनूसागर कालोनी का चक्रमण कराया गया। तत्पश्चात जय माता दी- जय माता दी के उदघोष के साथ श्री श्री दुर्गा पूजा समिति रेनूसागर के युवा कार्यकर्ताओं द्वारा गाजे बाजे के साथ डी जे की धुन पर थिरकते व नाचते गाते हुए जूलूस निकाला गया। तत्पश्चात मॉ की भब्य प्रतिमा को शांति जल में विसर्जित किया गया। इस सम्बन्ध में कलकत्ता से आये पंडित दिलीप चटर्जी ने बताया की हमारे सनातन धर्म में विसर्जन की परम्परा का पालन किया जाता है , मूर्ति का विसर्जन के पूर्व माता रानी का पूरा श्रृंगार किया जाता है महिलाये एक दूसरे की मांग पर सिंदूर लगाती है जो समृद्धि का प्रतीक मन गया है । पूजा समिति के सचिव समित मंडल ने उपस्थित जन समूह को मॉ दुर्गा का शुभाशीष दिया, व भब्य पंडाल की शोभा को देखकर द्रवीभूत होते हुए उप सचिव गोपाल मुखर्जी वं उनकी टीम को बधाई दिया।





# मिर्जापुर पुलिस द्वारा भारतीय सिक्कों का कूट करण करने वाला शातिर अभियुक्त गिरफ्तार

**(आधुनिक समाचार सेवा).**
**मिर्जापुर।** कब्जे से मोटरसाइकिल पर 03 कंटेनर में छिपाकर ले जा रहे 41247/- मूल्य के सिक्के बरामद – पुलिस अधीक्षक मीरजापुर 'संतोष कुमार मिश्रा' द्वारा जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आगामी त्यौहारों को सकुशल सम्पन्न करायें जाने के लिए तथा अपराधियों पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु जनपद के समस्त प्रभारी निरीक्षक/ थानाध्यक्ष को निर्देश दिए गये हैं । उक्त निर्देश के अनुक्रम में आज दिनांक 04.10.2022 को थाना चील्ह पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है । थानाध्यक्ष चील्ह अजीत कुमार श्रीवास्तव को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल से सिक्कों को एकत्रित कर कूट करण कर भारतीय सिक्कों का दुरूपयोग करने हेतु ले जा रहा है । उक्त सूचना के आधार पर थाना चील्ह पुलिस बल द्वारा थाना चील्ह क्षेत्र से मोटरसाइलिक सवार योगेश्वर उर्फ राजू कसेरा पुत्र गोविन्द प्रसाद निवासी तुलसी चौक अहई थाना को0शहर जनपद मीरजापुर को मोटरसाइकिल पर व्यवस्थित किये प्लास्टिक के 03 कंटेनरों के साथ गिरफ्तार किया गया । पुलिस टीम द्वारा मोटरसाइकिल पर रखें कंटेनरों को खोलवा कर चेक किया गया तो तीनों कंटेनरों में 5 के 8040, 2 के 499 व 1 के 49 इस प्रकार कुल



8588 भारतीय सिक्के मूल्य 41247/-, वजन-75 किग्रा बरामद किया गया । उक्त गिरफ्तारी व बरामदगी के सम्बन्ध में थाना चील्ह पर मु0अ0सं0-135/2022 धारा 250,251,253,420 भादवि पंजीकृत कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है । **विवरण पूछताछ–** गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ में बताया गया कि वह दुकानों से सिक्कों को इकट्ठा कर उन्हे चाँदी के आभूषण में गलाकर मिश्रित कर रूप परिवर्तित करते हुए चाँदी के आभूषण व सिक्के का स्वरूप देकर त्यौहारों में बिक्री कर आर्थिक लाभ अर्जित करता है । यह सिक्को का कूट करण करने का एक अभ्यस्त प्रवृत्ति का अपराधी है जिसके द्वारा विगत् कई वषी से इस प्रकार का आपराधिक कृत्य किया जा रहा है , जानकारी करने पर यह तथ्य प्रकाश में आया है कि वर्ष 2011 में 25 हजार सिक्कों के साथ थाना रामपुर जनपद वाराणसी में भी गिरफ्तार किया गया था । **नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त** योगेश्वर उर्फ राजू कसेरा पुत्र गोविन्द प्रसाद निवासी तुलसी चौक अहई थाना को0शहर जनपद मीरजापुर, उम्र करीब-54 वर्ष । **बरामदगी विवरण –** 1- 03 अदद प्लास्टिक के कंटेनर में रखें– 5 के 8040 भारतीय सिक्के (मूल्य 40200/-) 2 के 499 भारतीय सिक्के(मूल्य 998/-) कुल 8588 भारतीय सिक्के मूल्य 41247/-, वजन-75 किग्रा 1 के 49 भारतीय सिक्के (मूल्य 49/-) 2- एक अदद मोटरसाइकिल टीवीएस वाहन संख्याः 0337. **आपराधिक इतिहास–** 1-मु0अ0सं0-133/2011 धारा 250,251,253,420 भादवि थाना रामनगर जनपद वाराणसी । 2-मु0अ0सं0-135/2022 धारा 250,251,253,420 भादवि थाना चील्ह जनपद मीरजापुर । **गिरफ्तारी व बरामदगी करने वाली पुलिस टीम –** थानाध्यक्ष चील्ह- अजीत कुमार श्रीवास्तव मय टीम ।

## दर्शनार्थियों को लेकर जा रही ट्रैक्टर-ट्राली को थाने में कराया खड़ा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**ड्रमंडगंज।** ड्रमंडगंज पुलिस ने दर्शनार्थियों को बैठाकर गड़बड़ा धाम जा रहे ट्रैक्टर को ट्राली समेत पकड़कर थाने में खड़ा करा दिया। थानाध्यक्ष ड्रमंडगंज अतुल कुमार पटेल ने बताया कि मंगलवार को दोपहर वे ड्रमंडगंज बाजार में पूजा पंडालों की निगरानी कर रहे थे। उसी दौरान करीब 30 की संख्या में दर्शनार्थी एक ट्रैक्टर-ट्राली पर बैठकर आते दिखाई दिए। ट्रैक्टर रोक कर जब पूछताछ की गई तो ट्राली पर सवार लोगों ने बताया कि सभी भैंसोंड़ बलाय पहाड़ गांव के निवासी हैं और गड़बड़ा दर्शन करने जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी दर्शनार्थियों को ट्राली से नीचे उतारने के बाद ऑटो से गड़बड़ा धाम भेजने की व्यवस्था कराई गई। इसके बाद ट्राली समेत ट्रैक्टर को थाने में खड़ा करा दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि सुरक्षा के मद्देनजर ट्रैक्टर-ट्राली पर समूह में लोगों को बैठाकर कहीं आते-जाते मिलने पर वाहन सीज कर संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।


# विजयादशमी मानव मूल्यों और आदर्शों का उत्कृष्ट प्रतीक

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**(सोनभद्र) अनपरा।** विजयदशमी के दिन हिण्डालको रेणुसागर पावर डिवीजन रेनूसागर में बुराई का प्रतीक रावण अंतः हार गया। खचा खच भरे आदित्य विडला इंटर कालेज के मैदान पर हजारों हजार की संख्या में मौके के साक्षी स्थानीय नागरिकों के समक्ष विशालकाय रावण के पुतले का दहन किया गया। तीर लगते ही उपस्थित नागरिकों ने भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, हनुमान जी की जय के गगनभेदी नारे लगाये व विभिन्न प्रकार की आतिशबाजी से पूरा मैदान गूंज उठा। इसके पूर्व कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रेनूसागर पावर डिवीजन के अध्यक्ष उर्जा के.पी.यादव ने सपत्नीक भगवान श्रीराम लक्ष्मण, हनुमान जी को तिलक लगाकर आरती उतारी। उन्होनें कहा कि बुराई पर अच्छाई एवं असत्य पर सत्य की जीत के रूप मे यह त्यौहार मानव मूल्यों और आदर्शो का उत्कृष्ट प्रतीक है। यह समाज को सच्चाई नैतिकता एवं मर्यादापूर्ण व्यहार करने की प्रेरणा देता है। रावण जैसे प्रकांड विद्वान व वैभव से भरपूर राजा को अमानवीय व अनैतिक कायी की वजह से प्राण गवाना पड़ा इसीलिए भगवान राम के आदर्श आज भी प्रासंगिक है। उन्होने रामलीला समिति अध्यक्ष अनिल सिंघानिया व कलाकारों के अभिनय की तारीफ करते हुये उपस्थित विशाल जन समुदाय को दशहरे की बधाई दी। कार्यक्रम समापन के पूर्व रामलीला समिति के उपाध्यक्ष रामजतन गुप्ता ने उपस्थित सभी लोंगो का आभार ब्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया । इस मौके पर दिशिता महिला मंडल की अध्यक्षा इंदू यादव व दिशिता महिला मंडल की बरिष्ठ सदस्याओ के अलावा संजय सिंह शैलेश विक्रम सिंह गुलसन तिवारी ,मयंक श्रीवास्तव, सुदीप्ता नायक,अनिल सिंघानिया, मनु अरोरा, संजय श्रीमाली, कुमार हर्षबर्धन, संदीप यावले, मनोरंजन सिंह, मनीष सिंह, राजेश सैनी, कर्नल कर्नल जयदीप मिश्रा , अरविन्द सिंह, श्याम सुन्दर बियाला सहित सभी विभागाध्यक्ष, उपनिरीक्षक चंद्रभान सिंह चैकी प्रभारी रेनू सागर कांस्टेबल सहित उपस्थित रहे।



# नई टीम के साथ धवन के नेतृत्व में टीम इंडिया, कब और कहां मुकाबला

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** टी20 वर्ल्ड कप के लिए रोहित के नेतृत्व में टीम इंडिया मिशन मेलबर्न के लिए रवाना हो चुकी है। लेकिन शिखर धवन की कप्तानी में

नई टीम साउथ अफ्रीका के खिलाफ वनडे क्रिकेट में भिड़ने के लिए पूरी तरह से तैयार है। रिजर्व खिलाडियों के सिवाय वर्ल्ड कप टीम में शामिल कोई भी खिलाड़ी इस टीम का हिस्सा नहीं है। अपने घर में पहली बार टी20 सीरीज जीतने वाली टीम को भरोसा है कि वह वनडे में भी उस प्रदर्शन को जारी रखे। दूसरी तरफ टी20 सीरीज गंवाने के बाद साउथ अफ्रीका की टीम वनडे में अपनी छाप छोड़ना चाहेगी। यदि आप भी इस महत्वपूर्ण मैच को देखना चाहते हैं तो आइए इससे जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण बातों को जान लेते हैं। कब खेला जाएगा भारत और साउथ अफ्रीका के बीच यह पहला वनडे मैच 6 अक्टूबर, गुरुवार को खेला जाएगा भारत और साउथ अफ्रीका के बीच यह पहला वनडे मैच। कहां खेला जाएगा भारत और साउथ अफ्रीका के बीच यह पहला वनडे मैच भारत और साउथ अफ्रीका के बीच यह पहला वनडे मैच लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा।भारत और साउथ अफ्रीका के बीच यह पहला वनडे मैच दोपहर 1.30 बजे शुरू होगा। कितने बजे होगा भारत और साउथ अफ्रीका के बीच इस पहले वनडे मैच का टॉस भारत और साउथ अफ्रीका के बीच इस पहले वनडे मैच का टॉस दोपहर 1 बजे होगा। कहां देख सकते हैं भारत और साउथ अफ्रीका के बीच यह पहला वनडे मैच भारत और साउथ अफ्रीका के बीच यह पहला वनडे मैच स्टार स्पोर्ट्स नेटवर्क पर देख सकते हैं। इसके अलावा इसकी लाइव स्ट्रीमिंग हॉटस्टार पर देखी जा सकती है। इस मैच से जुड़ी हर अपडेट आप दैनिक जागरण की वेबसाइट पर पढ़ सकते हैं।

## हरमनप्रीत कौर, स्मृति मंधाना और अक्षर पटेल आइसीसी सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के लिए नॉमिनेट

**दुबई।** भारत की स्मृति मंधाना, हरमनप्रीत कौर और अक्षर पटेल को सितंबर महीने के लिए आइसीसी के सर्वश्रेष्ठ क्रिकेटर के पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया। कप्तान हरमनप्रीत और



उपकप्तान मंधाना का नामांकन पहली बार हुआ। दोनों में से कोई एक जीतती है तो आइसीसी महीने की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर बनने वाली पहली भारतीय हो जाएगी। दोनों ने इंग्लैंड में वनडे और टी-20 सीरीज में शानदार प्रदर्शन किया। अक्षर को आस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के विरुद्ध शानदार प्रदर्शन के कारण पुरुष वर्ग में नामांकन मिला।

# जसप्रीत बुमराह की जगह किस गेंदबाज को टीम में किया जा सकता है शामिल, गावस्कर ने बताया नाम

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** दो शीर्ष स्तर की टीमों के खिलाफ लगातार दो



सीरीज जीतने से भारतीय टीम के आत्मविश्वास में बेहिसाब इजाफा होगा। खासकर, वर्ल्ड चैंपियन आस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला मुकाबला हारने के बाद सीरीज जीतना वाकई जबरदस्त प्रदर्शन है। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपनी जमीन पर पहली टी-20 सीरीज जीतना भी कम यादगार प्रदर्शन नहीं है। इसके बावजूद छह मैचों में से तीन मौकों पर 200 से ज्यादा रन लुटा देना टीम मैनेजमेंट के लिए बड़ी चिंता की बात है। खासकर ये देखते हुए कि जसप्रीत बुमराह वर्ल्ड कप से बाहर हो चुके हैं। हालांकि चयनकर्ताओं ने अभी तक बुमराह के विकल्प के तौर पर किसी नाम का एलान नहीं किया है, लेकिन मोहम्मद शमी और दीपक चाहर में किसी गेंदबाज को बुमराह की जगह टीम में शामिल किया जा सकता है। शमी ने हालिया समय में क्रिकेट नहीं खेला है लेकिन वो काफी हद तक एक लय से गेंदबाजी करने वाले खिलाड़ी हैं। एक बार उनका रनअप सही पड़ जाए तो वो बल्लेबाजों के लिए तेज और सटीक साबित होते हैं। दीपक चाहर स्विंग करने में माहिर हैं तो पिच मूवमेंट से भी उन्हें मदद मिलती है। इसके अलावा उनकी गेंदों में बल्लेबाज को परेशानी में डालने वाली तेजी भी है। दीपक एक उपयोगी बल्लेबाज भी हैं और तनावपूर्ण मैच में अहम मौके पर बनाए उनके रन टीम के काफी काम आ सकते हैं। ऐसे में चयनकर्ताओं के लिए बुमराह के विकल्प का एलान करना आसान काम नहीं होगा। पहले मुकाबले में अर्शदीप सिंह काफी प्रभावशाली रहे जहां उन्होंने हालात का बेहद शानदार तरीके से इस्तेमाल किया। हालांकि उन्हें नो-बाल की अपनी समस्या को सुलझाने के अलावा डेंजर एरिया में अपने फालोथ्रू पर भी काम करना होगा। जब वह ऐसा कर लेंगे तो वो देश के लिए लंबे समय तक अपनी सेवाएं दे सकेंगे। वो इसलिए क्योंकि उनके पास गेंद को स्विंग कराने की क्षमता भी है तो यार्कर्स और बाउंसर्स जैसे घातक हथियार भी उनके तरकश में शामिल हैं। नई गेंद से बालिंग करने वाला बाएं हाथ का गेंदबाज किसी भी टीम के लिए बड़ा एडवांटेज है। स्पिन विभाग में कोई समस्या नहीं है और आस्ट्रेलिया के बड़े मैदानों पर स्पिनर बेहद अहम साबित होने वाले हैं। बल्लेबाजी भी अच्छी लय में नजर आ रही है और उम्मीद है कि कप्तान ने अपने रन इस आने वाले बड़े टूर्नामेंट के लिए बचाकर रखे हैं।



# राशिफल



**मेष-:** खर्चो में वृद्धि होगी, लेकिन साथ ही आय में वृद्धि संतुलन बनाएगी. अपने मेहमानों के साथ बुरा व्यवहार न करें। आपका ऐसा व्यवहार न केवल आपके परिवार को दुखी कर सकता है।

**वृष-:** आज आप पूरे दिन ऊर्जावान महसूस करेंगे. ऑफिस में कई दिनों से रुका हुआ काम समय पर पूरा करेंगे। इस राशि के छात्रों के लिए आज का दिन बेहतर है।

**मिथुन-:** मित्रों और प्रियजनों के साथ सुखद मुलाकात होगी. यात्रा भी सुखद रहेगी। पढ़ाई में मन नहीं लगेगा। आर्थिक रूप से आप समृद्ध रहेंगे और नए सौदे भी आगे बढ़ेंगे।

**कर्क-:** आज काम का बोझ कुछ तनाव और झुंझलाहट का कारण बन सकता है। चतुर वित्तीय योजनाओं में फंसने से बचें, निवेश में बेहद सावधानी बरतें।

**सिंह-:** आज घर के बड़ों का आशीर्वाद लेकर बाहर जाएं. आपके लिए कारगर साबित होगा। ऑफिस में कुछ नई जिम्मेदारियां आपके कंधों पर आ सकती हैं।

**कन्या-:** आज आपके जीवन में किसी खास दोस्त के आने से आपके जीवन की खुशियां दोगुनी हो जाएंगी. आपके जीवन में खुशियां दस्तक देने वाली हैं।

**तुला-:** निवेश से जुड़े अहम फैसले किसी और दिन के लिए छोड़ देने चाहिए. आज आपको यह जानकर बहुत दुख होगा कि जिस पर से विश्वास करते आए हैं, वह वास्तव में उतना विश्वसनीय नहीं है।

**वृश्चिक-:** आज यात्रा का दिन रहेगा. ऑफिस के किसी काम से आपको बाहर जाना पड़ सकता है, दिन अच्छा बीतेगा। घर में किसी दूर के रिश्तेदार के आने से खुशियों का माहौल बनेगा।

**धनु-:** आप अपने प्रेमी और प्रेमिका के साथ प्यार भरे पल बिताएंगे। आज शेयर बाजार में निवेश न करें। आर्थिक लाभ होगा और आप भौतिक चीजों पर भी खर्च करेंगे। यात्रा लाभदायक रहेगी।

**मकर-:** इस समस्या से निजात पाने के लिए सकारात्मक सोच का सहारा लें. इसके बिना आप आत्मविश्वास हासिल नहीं कर सकते। दूसरों को प्रभावित करने के लिए अतिरिक्त पैसा खर्च न करें।

**कुंभ-:** आज भाग्य साथ देगा. यदि आप कोई नया व्यवसाय शुरू करने की सोच रहे हैं तो मुहूर्त देख सकते हैं। धन लाभ के साथ सुख भी प्राप्त होगा। शादीशुदा लोगों के लिए आज का दिन अनुकूल है।

**मीन-:** आज आप कोई महत्वपूर्ण योजना भी बना सकते हैं। जीवनसाथी से थोड़ी अनबन के कारण आपकी मानसिक चिंता बढ़ सकती है। अच्छा व्यवहार आपको दूसरों को प्रभावित करने में मदद करेगा।



## आइपीएल नीलामी के बारे में नहीं सोच रहा था: रिली रोसो

(आधुनिक समाचार सेवा)
**इंदौर।** दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाज रिली रोसो ने शुरुआती दो टी-20 मैचों में खाता खोलने में नाकाम रहे, लेकिन भारत के विरुद्ध सीरीज के तीसरे और आखिरी मैच में यादगार शतक



जड़ने के बाद कहा कि अगर कोई खिलाड़ी अपनी क्षमताओं को लेकर आश्वस्त रहता है तो समय के साथ लय हासिल करना आसान होता है। रोसो ने 2014 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण करने के बाद, 36 वनडे और 21 टी-20 में दक्षिण अफ्रीका का प्रतिनिधित्व किया है, लेकिन वह टीम में अंदर-बाहर होते रहे हैं। उन्होंने इस दौरान दुनिया भर में खेले जाने वाले फ्रेंचाइजी क्रिकेट में अपना दबदबा बनाया। इस बल्लेबाज ने मंगलवार को तीसरे टी-20 में 48 गेंदों में नाबाद 100 रनों की पारी खेलकर भारत पर 49 रन की जीत दर्ज करने में अपनी टीम की मदद की। आइपीएल की नीलामी नजदीक है, लेकिन रोसो ने कहा कि उनके दिमाग में इसका ख्याल नहीं था और वह सिर्फ अपने बड़ी पारी खेलने के बारे में सोच रहे थे। उन्होंने कहा कि एक पेशेवर खिलाड़ी के रूप में आपका समय खराब हो सकता है।

# 15वें खिलाड़ी के बिना ही 'मिशन मेलबर्न' के लिए रवाना हुई टीम इंडिया

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भारतीय टीम रोहित शर्मा के नेतृत्व में मिशन मेलबर्न को पूरा करने ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हो गई है। बीसीसीआइ ने है कि उनके पास 15 अक्टूबर तक का वक्त है और मोहम्मद शमी के फिटनेस पर उनकी नजर होगी। बीसीसीआइ के अलावा कई खिलाडियों ने भी अपनी रवानगी चहल हैं। उन्होंने लिखा है कि आने वाला समय काफी एक्साइटिंग होने वाला है।आपको बता दें कि टीम इंडिया बाकी टीमों की तुलना से पहले जा रही है जहां वह आइसीसी



एक पोस्ट के माध्यम से इस बात की जानकारी दी। बीसीसीआइ द्वारा किए गए एक पोस्ट में 14 खिलाडियों सहित कोच स्टाफ फॉर्मल्स में नजर आ रहे हैं। पोस्ट के कैप्शन में लिखा है पिक्चर परफेक्ट चलो करते हैं।आपको बता दें कि टीम इंडिया 15वें खिलाड़ी के बिना ही ऑस्ट्रेलिया के लिए रवाना हुई है। जसप्रीत बुमराह के रिप्लेसमेंट को लेकर अभी तक कोई जानकारी बीसीसीआइ की तरफ से नहीं दी गई है। हालांकि इस बारे में कोच और कप्तान ने संकेत जरूर दिया को लेकर जानकारी दी है। 2022 में शानदार फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार यादव ने भी सोशल मीडिया पर इस बात की जानकारी दी है।सूर्या ने जो तस्वीर पोस्ट की है, उसमें उनके अलावा कप्तान रोहित शर्मा, रिषभ पंत और दिनेश कार्तिक नजर आ रहे हैं। उन्होंने कैप्शन में लिखा है कि नए चैलेंज का इंतजार नहीं कर सकते। एक्साइटेड भी हूं, नर्वस भी हूं और मोटिवेटेड भी हूं। विराट कोहली ने भी एक तस्वीर पोस्ट की है जिसमें उनके साथ हर्षल पटेल और युजवेंद्र द्वारा दी गए दो वॉर्म-अप मैचों के अलावा भी दो अतिरिक्त प्रैक्टिस मैच खेलेगी। टीम इंडिया पहला वॉर्म अप मैच 17 अक्टूबर को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ जबकि दूसरा वॉर्म-अप मैच 19 अक्टूबर को न्यूजीलैंड के खिलाफ खेलेगी। कोच और कप्तान ने इस बारे में कहा भी था कि इस वर्ल्ड कप टीम में 6-7 खिलाड़ी पहली बार ऑस्ट्रेलिया दौरे पर जा रहे हैं इसलिए वह चाहते हैं कि ज्यादा से ज्यादा वक्त वहां गुजारा जाए और वहां के कंडिशन को समझा जाए।

# शिखर धवन की कप्तानी में इस प्लेइंग एक्स के साथ साउथ अफ्रीका के खिलाफ मैदान पर उतर सकता है भारत

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** रोहित शर्मा की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम ने साउथ



अफ्रीका को तीन मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 से हराया था और अब बारी वनडे सीरीज की है। रोहित शर्मा की कप्तानी वाली टीम इंडिया टी20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए आस्ट्रेलिया रवाना हो गई और अब प्रोटियाज के खिलाफ वनडे सीरीज में कप्तानी की जिम्मेदारी शिखर धवन के हाथों में है जबकि टीम की उप-कप्तानी श्रेयस अय्यर करेंगे। धवन पर अब रोहित शर्मा की सफलता को दोहराने का दवाब होगा। साउथ अफ्रीका के खिलाफ इस वनडे सीरीज के लिए कई नए खिलाडियों को टीम में मौका दिया गया जिनके पास अब इंटरनेशनल मैचों में अपनी प्रतिभा को साबित करने का अच्छा मौका होगा। वहीं धवन भी जीत के साथ इस वनडे सीरीज का आगाज करना चाहेंगे। भारतीय टीम को पहले वनडे में ऐसी टीम के साथ मैदान पर उतरना होगा जो साउथ अफ्रीका के हरा सके। भारत की तरफ से पारी की शुरुआत शिखर धवन और शुभमन गिल कर सकते है तीसरे नंबर पर श्रेयस अय्यर बल्लेबाजी के लिए उतर सकते हैं जबकि पहली बार भारतीय वनडे टीम में शामिल किए गए रतज पाटीदार चौथे क्रम पर आ सकते हैं। ईशान किशन को इस मैच में शामिल किया जा सकता है और वो पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए दिख सकते हैं हालांकि किशन ओपनर बल्लेबाज हैं, लेकिन गिल के रहते ऐसा शायद ही हो कि वो पारी की शुरुआत करें। संजू सैमसन टीम में विकेटकीपर-बल्लेबाज का रोल निभाते दिख सकते हैं और संभव है कि वो फिनिशर की भूमिका में दिखें।वहीं इस टीम में तेज गेंदबाजी आलराउंडर शार्दुल ठाकुर और दीपक चाहर को प्लेइंग इलेवन में मौका दिया जा सकता है। स्पिनर की बात करें तो कुलदीप यादव को शायद मौका मिल सकता है जबकि अन्य तेज गेंदबाजों में आवेश कान और मो. सिराज टीम में जगह बना सकते हैं। पहले वनडे के लिए भारत की संभावित प्लेइंग इलेवन-शिखर धवन, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, रतज पाटीदार, इशान किशन, संजू सैमसन, शार्दुल ठाकुर, दीपक चाहर, कुलदीप यादव, आवेश खान, मो. सिराज।

## सौरव गांगुली की पत्नी डोना अस्पताल में भर्ती

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के अध्यक्ष सौरव गांगुली की पत्नी डोना गांगुली को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दरअसल वह चिकनगुनिया से ग्रसित हो गई, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। लोकप्रिय ओडिसी डांसर डोना पिछले चार दिनों से खांसी और गले में



दर्द की शिकायत से पीडित थी। हालांकि, मंगलवार रात उनका स्वास्थ्य अचानक बिगड़ गया और उन्हें तुरंत शहर के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां जांच में पता चला है कि वह चिकनगुनिया वायरस से प्रभावित थीं। इस बात की जानकारी गांगुली के बड़े भाई सन्हाशीष गांगुली ने मीडिया को पुष्टि करते हुए बताया कि बुधवार सुबह से उनकी हालत स्थिर थी और पूरा परिवार उनके साथ था। बीसीसीआई अध्यक्ष भी अपनी पतने के साथ अस्पताल में थे। उनकी बेटी सना गांगुली फिलहाल लंदन में पढ़ाई कर रही हैं। उनके इलाज के लिए प्रसिद्ध चिकित्सक सप्तर्षि बसु के नेतृत्व में एक मेडिकल टीम का गठन किया गया है।

## धवन की कप्तानी में पहले वनडे में भारत सामना प्रोटियाज से

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** टी20 सीरीज में सफल होने के बाद टीम इंडिया शिखर धवन की कप्तानी में तीन मैचों की वनडे सीरीज का पहला मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ अटल बिहारी वाजपेयी इकाना



स्टेडियम में खेलेगी। इस सीरीज के लिए वनडे टीम में रोहित शर्मा, विराट कोहली, मोहम्मद शमी और रविचंद्रन अश्विन जैसे दिग्गजों की गैरमौजूदगी में भारतीय चयनकर्ताओं ने नए चेहरों को टीम में मौका दिया है, जिसमें मुकेश कुमार और रजत पाटीदार जैसे खिलाड़ी शामिल है। इस टीम में टी 20 विश्व कप के कुछ रिजर्व खिलाड़ी भी शामिल हैं। टी 20 विश्व कप टीम के लिए रिजर्व खिलाडियों की सूची में शामिल मध्यक्रम के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस सीरीज के लिए टीम के उपकप्तान है। रिजर्व में दाएं हाथ के तेज गेंदबाज दीपक चाहर और लेग स्पिनर रवि बिशनेई भी इस टीम में शामिल है। इन खिलाडियों के पास अपने प्रदर्शन को चमकाने का और लय में आने का अच्छा मौका होगा। वनडे मुकाबले में सीमित अवसरों से प्रभावित करने वाले सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल इस सीरीज में धवन के साथ पारी की शुरुआत कर सकते हैं। इसके साथ ही राहुल त्रिपाठी या पाटीदार को वनडे में पदार्पण का मौका मिल सकता है।

## इरफान पठान पर भारी पड़े गौतम गंभीर, इंडिया कैपिटल्स ने जीती एलएलसी की ट्राफी

(आधुनिक समाचार सेवा)
**नई दिल्ली।** रास टेलर की बेहतरीन पारी की मदद से इंडिया कैपिटल्स ने जयपुर में भीलवाड़ा किंग्स को 104 रनों से शिकस्त देकर लीजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) की विजेता



ट्राफी अपने नाम कर ली। इस मैच में गौतम गंभीर की कप्तानी इरफान पठान पर भारी पड़ी और वो खिताब जीतने में सफल रहे। रास टेलर ने इंडिया कैपिटल्स के लिए बेहतरीन पारी खेली और उन्हें प्लेयर आफ द मैच से सम्मानित किया गया। फाइनल मुकाबले की पहली पारी में रास टेलर ने इंडिया कैपिटल्स के लिए 41 गेंदों में 82 रनों की ताबड़तोड़ पारी खेली और इस दौरान उन्होंने चार चौके और आठ छक्के जड़े। उनके अलावा मिशेल जानसन (62) और एश्ले नर्स (नाबाद 42) ने भी उपयोगी पारियां खेलीं और उनकी मदद से इंडिया कैपिटल्स ने निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 211 रनों का स्कोर खड़ा किया।इंडिया कैपिटल्स की शुरुआत काफी खराब रही थी और टीम के शुरुआत 4 विकेट सिर्फ 21 रन पर ही गिर गए थे। इसमें कप्तान गौतम गंभीर 4 रन, ड्वेन स्मिथ 3 रन, हैमिल्टन मसकजदा एक रन जबकि दिनेश रामदीन बिना खाता खोले ही आउट हो गए थे। इसके बाद टेलर, जानसन और नर्स ने अपनी पारी से टीम का स्कोर 200 के पार पहुंचा दिया। इस लक्ष्य के जवाब में भीलवाड़ा किंग्स की टीम 18.2 ओवर में 107 रनों पर सिमट गई। टीम के लिए शेन वाटसन (27) ही कुछ संघर्ष कर पाए। वाटसन के अलावा अन्य बल्लेबाज इंडिया कैपिटल्स के गेंदबाजों के सामने पूरी तरह से धराशाई हो गए। ओपनर बल्लेबाज वान विक ने 5 रन, पोर्टरफील्ड ने 12 रन, यूसुफ पठान ने 6 रन, व कप्तान इरफान पठान ने 2 रन का योगदान दिया।

## सम्पादकीय

# देश विरोधी विमर्श से लड़ने की चुनौती, अब भारत को दुरुस्त कदम उठाने की जरूरत

केंद्रीय दूरसंचार विभाग ने भारतीय दूरसंचार विधेयक का मसौदा जारी कर विशेषज्ञों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। यह विधेयक तीन मौजूदा कानूनों को समेकित कर दूरसंचार क्षेत्र के कानूनी ढांचे को बदलने के उद्देश्य से लाया गया है। इसमें दूरसंचार सेवाओं की परिभाषा को बदलते हुए इंटरनेट आधारित ओवर-द-टाप (ओटीटी) संचार सेवाओं जैसे-वाट्सएप, सिगन्ल और टेलीग्राम को भी शामिल किया गया है। यानी ओटीटी और इंटरनेट आधारित संचार सेवा प्रदान करने के लिए भी अब लाइसेंस की आवश्यकता होगी। फिलहाल देश में दूरसंचार क्षेत्र को नियंत्रित करने के लिए भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम, 1885, भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम, 1933 और द टेलीग्राफ वायर्स (गैरकानूनी संरक्षण) अधिनियम, 1950 जैसे तीन कानून हैं। भारत में दूरसंचार उद्योग अभी 117 करोड़ ग्राहकों के साथ दुनिया में दूसरा सबसे बड़ा उद्योग है। भारत की कुल टेलीडेंसिटी (एक क्षेत्र में रहने वाले प्रत्येक सौ व्यक्तियों के लिए टेलीफोन कनेक्शन की संख्या) 85.11 प्रतिशत है। दूरसंचार क्षेत्र का भारत के सकल घरेलू उत्पाद यानी जीडीपी में आठ प्रतिशत का योगदान है। आश्चर्यजनक है कि इतना महत्वपूर्ण क्षेत्र होने के बावजूद दूरसंचार क्षेत्र के प्रशासन से संबंधित कानून काफी पुराने हैं। दो कानून औपनिवेशिक काल के हैं और तीसरा स्वतंत्रता के तुरंत बाद का। तब से अब तक इस क्षेत्र में काफी व्यापक बदलाव हुए हैं। सरकार की ओर से संसद में दी गई जानकारी के अनुसार आज भारत की 98 प्रतिशत जनसंख्या 4जी तकनीकी के दायरे में आ चुकी है। 5जी सेवाएं शुरू होने के साथ ही दूरसंचार विभाग ने 6जी के लिए भी एक प्रौद्योगिकी अध्ययन समूह बना दिया है। इसके अलावा इंटरनेट आधारित ओटीटी सेवाएं, इंटरनेट आफ थिंग्स, इंडस्ट्री 4.0 और मोबाइल एज टेकनेलाजी जैसी नई तकनीकी भी मौजूद हैं। ऐसे में देश में एक नए कानून की आवश्यकता है, जो बदलती प्रौद्योगिकी को समावेशित कर सके। नए मसौदा विधेयक का सबसे खास प्रविधान यह है कि भारत की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा करने या सार्वजनिक व्यवस्था को बनाए रखने के लिए किसी भी काल या मैसेज को इंटरसेप्ट किया जा सकता है। यह जरूरी भी है, क्योंकि हमें ज्ञात है कि आजकल भारत-विरोधी प्रोपेगंडा इंटरनेट मीडिया और इन्हीं ओटीटी सेवाओं के जरिये आगे बढ़ाया जाता है। विमर्श की इस लड़ाई में भारत किसी भी सूरत में पिछड़ता हुआ नहीं दिख सकता। इसलिए ऐसे कानून को लाने में और देर नहीं की जा सकती। इंटरनेट मीडिया के मोर्चे पर 2021 में तीन बड़ी घटनाएं हुईं। भारत ने कई चीनी एप्स पर प्रतिबंध लगाए। ट्विटर, फेसबुक आदि की मनमानी पर लगाम के लिए नए आइटी नियम लागू किए। इंटरनेट मीडिया-डिजिटल प्लेटफार्म के दुरुपयोग की बढ़ती घटनाओं की वजह से नए आइटी नियम जरूरी हो गए थे। इन नियमों से आम उपभोक्ता को दुर्व्यवहार की शिकायतों के निवारण के लिए एक मंच मिलेगा। हालांकि नए नियम स्वतः विनियामक यानी सेल्फ रेग्युलेशन पर आधारित हैं, फिर भी इनकी संवैधानिकता को चुनौती देने वाली कई याचिकाएं विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित हैं। वहीं विदेशी कंपनियों और विदेशी समाचार पत्र समूहों का भारत विरोध जगजाहिर है। इस विमर्श में वे अक्सर भ्रामक, एकपक्षीय और दुराग्रहपूर्ण जानकारी प्रस्तुत करते पाए जाते हैं। इन्हीं वजहों से भारत सरकार आइटी अधिनियम के तहत बने नियमों में भी संशोधन करने पर विचार कर रही है, जिससे फेसबुक और ट्विटर जैसे मंचों को फेक न्यूज और गैरकानूनी/हानिकारक जानकारी के लिए उत्तरदायी बनाया जाए। सरकार का मानना है कि इन मध्यवर्ती कंपनियों को फेक न्यूज को पहचान कर अपने स्तर पर ही निपटने के उपाय करने चाहिए। विदेशी एजेंसियां विभिन्न सर्वे जारी कर भारत को नीचा दिखाने का प्रयास करती रहती हैं। कभी डेमोक्रेसी इंडेक्स जारी होता है तो कभी मीडिया की स्वतंत्रता का इंडेक्स। इसीलिए पीएम मोदी ने हाल में कहा था कि भारत को अपने मानक स्वयं बनाने पड़ेंगे, लेकिन सिर्फ मानकों से काम नहीं चलेगा। भारत को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ऐसे प्लेटफार्म खड़े करने होंगे, जो वैश्विक स्तर पर भारत-विरोधी दुष्प्रचार के खिलाफ लड़ें।

# कुम्भकरण, मेघनाद एवं अहिरावण वध

श्रीराम मित्र मण्डल रामलीला समिति नोएडा द्वारा आयोजित रामलीला मंचन के नौवें दिन मुख्य अतिथि मोहित बेनीवाल क्षेत्रीय अध्यक्ष भाजपा,श्रीमती रिचा उपाध्याय चीफ ज्युडिशियल मजिस्ट्रेट गौतमबुद्ध नगर, देव दत्त शर्मा पूर्व अध्यक्ष नोएडा, ग्रेटर नोएडा एवं यमुना प्राधिकरण, स्वामी राजेश्वरानंद जी महाराज पीठाधीश्वर श्री राज माता झंडेवाला मंदिर, राम कुमार तंवर महानगर अध्यक्ष कांग्रेस पार्टी नोएडा,हर्ष चतुर्वेदी भाजपा आईटी सेल सहसंयोजक यूपी, प्रशांत त्यागी,रामेंद्र सिंह चेयरमैन एलपीएस स्कूल, त्रिलोक शर्मा,राजेश गुप्ता चेयरमैन जीएनआईओटी, अनिल जैन,मल्लिकेश्वर झा सहित अन्य अतिथियों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर लीला मंचन का



शुभारम्भ किया गया। श्रीराम मित्र मंडल रामलीला समिति के महासचिव मुनन कुमार शर्मा ने मंच संचालन करते हुए सभी उपस्थितजनों का स्वागत किया।समिति के चैयरमेन उमाशंकर गर्ग ,मुख्य संरक्षक मनोज अग्रवाल,अध्यक्ष धर्मपाल गोयल, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र गर्ग, एवं वरिष्ठ उपाध्यक्ष सतनारायण गोयल द्वारा मुख्य अतिथियों को स्मृति चिन्ह प्रदान कर और अंगवस्त्र ओढ़ाकर स्वागत किया गया। संजीवनी से लक्ष्मण की मूर्छा खुलती है। इसके बाद लक्ष्मण युद्ध में मेघनाद का वध कर देते हैं । मेघनाथ वध के पश्चात पुत्र-वधु के विलाप को सुनकर लंकापति रावण ने आकर कहा- 'शोक न कर पुत्री। प्रातः होते ही सहस्त्रों मस्तक मेरे बाणों से कट-कट कर पृथ्वी पर लोट जाएँगे। मैं रक्त की नदियां बहा दूंगा। करुण चीत्कार करती हुई सुलोचना बोली-ठपर इससे मेरा क्या लाभ होगा, पिताजी। सहस्त्रों नहीं करोड़ों शीश भी मेरे स्वामी के शीश के आभाव की पूर्ती नहीं कर सकेंगे। सुलोचना ने निश्चय किया कि 'मुझे अब सती हो जाना चाहिए।' किंतु पति का शव तो राम-दल में पड़ा हुआ था। फिर वह कैसे सती होती? जब अपने ससुर रावण से उसने अपना अभिप्राय कहकर अपने पति का शव मँगवाने के लिए कहा, तब रावण ने उत्तर दिया- देवी तुम स्वयं ही राम-दल में जाकर अपने पति का शव प्राप्त करो। इसके बाद रावण कुभकरण को जगाता है । कुभकरण के पराक्रम से राम सेना में खलबली मच जाती है''नाथ भूधराका रसरीरा । कुंभकरन आवतरन धीरा।''तब भगवान श्रीराम बाणों से उस पर प्रहार करते है और कुंभकरण का वध कर देते है । कुभकरण वध के पश्चात अहिरावण भगवान श्रीराम से युद्ध करता है और परमगति को प्राप्त होता है । रावण के कहने पर अहिरावण ने युद्ध से पहले युद्ध शिविर में उतरकर राम और लक्ष्मण का अपहरण कर लिया। वह दोनों को पाताल लोक ले गया और एक गुप्त स्थान पर बंधक बना कर रख लिया।राम और लक्ष्मण के अपहरण से वानर सेना भयभीत व शोकाकुल हो गई, लेकिन विभीषण ने यह भेद हनुमान के समक्ष प्रकट कर दिया कि कौन अपहरण करके ले जा सकता है। तब हनुमानजी वेग की गति से पाताल पुरी पहुंच गए। हनुमान ने अहिरावण का वध कर प्रभु श्रीराम और लक्ष्मण को मुक्त कराया प्रभु राम अहिरावण का वध कर देते हैं। रघुवंश सांस्कृतिक संस्थान के कलाकारों द्वारा अंतिम यद्ध से पूर्व अद्भुत युद्ध नृत्य की प्रस्तुति की गई जिसने दर्शकों का मन मोह लिया । इसी के दिन की लीला का समापन होता है। सह-कोषाध्यक्ष अनिल गोयल,उपमुख्य संरक्षक राज कुमार गर्ग,बजरंगलाल गुप्ता, चौधरी रविन्द्र सिंह, तरुणराज, एस एम गुप्ता, पवन गोयल, आत्माराम अग्रवाल, मुकेश गोयल, मुकेश अग्रवाल, शांतनु मित्तल, मनीष गुप्ता,चन्द्रप्रकाश गौड़, गौरव मेहरोत्रा, मनीष गोयल, आर के उप्रेती,गौरव गोयल,सुधीर पोरवाल, मनोज सिंघल,राजकुमार बंसल, गौरव चौधरी, संतोष त्रिपाठी, प्रवीण गोयल, अर्जुन अरोड़ा, रोहताश गोयल, बीना बाली, सहित श्रीराम मित्र मंडल नोएडा रामलीला समिति के सदस्यगण व शहर के गणमान्य व्यक्ति उपस्तिथ रहे। श्रीराम मित्र मण्डल रामलीला समिति के महासचिव मुनन कुमार शर्मा ने बताया कि 05 अक्टूबर को राम रावण युद्ध, रावण वध, रावण, कुम्भकरन, एव मेघनाथ के पुतलों के दहन का मंचन होगा। रावण, कुम्भकरण और मेघनाद के पुतलों के अलावा महंगाई, भ्रष्टाचार और महिला उत्पीड़न के पुतलों का भी दहन होगा।कार्यक्रम की शुरूआत सायं 5 बजे से होगी। इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री डा0महेश शर्मा एव नोएडा विधायक पंकज सिंह बाण चला कर रावण के पुतलों का दहन करेंगे । कार्यक्रम में कई प्रसाशनिक अधिकारियों के साथ - साथ गणमान्य लोग भाग लेंगे । रावण का पुतला 80 फुट, कुंभकरण का 75 फुट एवं मेघनाद का पुतला 70 फुट का होगा । जहां पर पुतले खड़े होंगे उसके आस-पास बैरिकेटिंग की व्यवस्था की जा रही है । सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस के जवान एवं निजी सुरक्षा गार्ड एवं 150 सामाजिक संगठनो के कार्यकर्ता तैनात रहेंगे । जिसमें महिला गार्ड भी तैनात रहेंगी । सुरक्षा के मद्देनजर दो दर्जन सीसी टी वी कैमरे लगाये गये हैं जिस पर सुरक्षा कर्मी तैनात रहकर हर हरकत पर नजर रखेंगे।

# झूठ को सच में बदलने की कोशिश देश की सबसे बड़ी अल्पसंख्यक आबादी के डरे होने की धारणा केवल मिथ्या

जबसे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत और मुस्लिम समाज की पांच हस्तियों के बीच भेंट की खबर सार्वजनिक हुई है, तबसे इन हस्तियों की पूछ-परख बढ़ गई है। ये हस्तियां चर्चा के केंद्र में इसलिए भी हैं, क्योंकि उनसे मुलाकात के बाद पिछले दिनों मोहन भागवत ने दिल्ली में मस्जिद और मदरसे का भ्रमण किया। इस दौरान वह अखिल भारतीय इमाम संगठन के प्रमुख उमर अहमद इलियासी से भी मिले। इस मेल-मुलाकात को मुस्लिम समाज से संवाद बढ़ाने की आरएसएस की



पहल का हिस्सा माना जा रहा है। यह स्वागतयोग्य है, क्योंकि अपने देश में इस तरह के संवाद की एक समृद्ध परंपरा रही है। विभिन्न पक्षों में स्वस्थ संवाद से समस्याओं का समाधान निकालने में सहायता मिलती है और एक-दूसरे के प्रति भ्रांतियां भी दूर होती हैं। अभी यह जानना कठिन है कि आरएसएस प्रमुख और मुस्लिम समाज के प्रतिष्ठित लोगों के बीच बातचीत के क्या नतीजे सामने आएंगे, लेकिन यदि कोई यह स्थापित करने की कोशिश करेगा कि मुसलमान डरे हुए हैं तो फिर दोनों पक्षों के बीच आगे होने वाली वार्ता का कोई भविष्य नहीं। आरएसएस प्रमुख से भेंट करने वाली मुस्लिम समाज की पांच हस्तियों में से एक पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त एसवाई कुरैशी ने विभिन्न साक्षात्कारों और अपने एक लेख में यह रेखांकित किया है कि इस मुलाकात का एक उद्देश्य मोहन भागवत को 'वैमनस्य के वर्तमान वातावरण' और मुसलमानों की इस भावना से अवगत कराना था कि वे स्वयं को 'असुरक्षित' महसूस कर रहे हैं। क्या वास्तव में ऐसा है इसकी पड़ताल-गहन पड़ताल होनी चाहिए और हाल की घटनाओं के परिप्रेक्ष्य में होनी चाहिए। क्या उदयपुर में कन्हैयालाल और अमरावती में उमेश कोल्हे की हत्या खुद को असुरक्षित महसूस करने वालों ने की थी क्या इसी दौरान देश के विभिन्न शहरों में निकली उग्र भीड़ किसी डर की वजह से 'गुस्ताख-ए-नबी की एक ही सजा-सिर तन से जुदा' के खौफ पैदा करने वाले नारे लगा रही थी क्या इसके पहले चैत्र नवरात्र, रामनवमी और फिर हनुमान जन्मोत्सव पर कई शहरों में शोभायात्राओं पर हमले डरे हुए लोगों ने किए इसी तरह क्या हिजाब विवाद के दौरान कर्नाटक के शिमोगा में हर्षा नामक युवक की हत्या करने वाले खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे थे क्या ज्ञानवापी प्रकरण के समय शिवलिंग का उपहास उड़ाने वाले डरे हुए लोग थे थोड़ा और पीछे चलें और याद करें कि 2019 में नागरिकता संशोधन कानून के खिलाफ कैसा उग्र और हिंसक विरोध हुआ था क्या इन विरोध प्रदर्शनों के दौरान बंगाल से लेकर उत्तर प्रदेश, दिल्ली आदि में कई जगह जो हिंसा, आगजनी, तोड़फोड़ और यहां तक कि पुलिस पर हमले हुए, वे उन लोगों ने किए, जो भयभीत थे क्या देश की राजधानी के शाहीन बाग इलाके में जो लोग करीब सौ दिन तक एक प्रमुख मार्ग पर कब्जा किए रहे और दिल्ली समेत पड़ोस के शहरों के लाखों लोगों की आवाजाही को बाधित किए रहे, वे डरे हुए थे क्या जो नेता, बुद्धिजीवी वगैरह धरना दे रहे इन लोगों का समर्थन करने शाहीन बाग पहुंच रहे थे, वे उनका डर कम करने में लगे हुए थे ध्यान रहे कि शाहीन बाग में धरना दे रहे लोग तब भी नहीं डिगे, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की दिल्ली यात्रा के समय भीषण दंगे भड़क उठे थे। इस दंगे में एक पुलिस कर्मी और खुफिया ब्यूरो के एक कर्मचारी समेत 50 से अधिक लोग मारे गए, लेकिन कथित तौर पर डरे हुए लोग शाहीन बाग में डटे ही रहे। देश की सबसे बड़ी अल्पसंख्यक आबादी डरी हुई है, यह एक नितांत आधारहीन और मिथ्या धारणा है। वास्तव में यह एक किस्म का छलावा है, क्योंकि किसी देश में कोई अल्पसंख्यक समूह किस तरह सचमुच डर के साये में जी रहा होता है, इसे पाकिस्तान के अल्पसंख्यकों और विशेष रूप से हिंदुओं, सिखों और ईसाइयों की बदतर हालत से लगाया जा सकता है। इस डर की चरम सीमा तब देखने को मिली थी, जब 2020 में पाकिस्तान के करक जिले में सदियों पुराने एक मंदिर को आग के हवाले करने वाले मजहबी कट्टरपंथियों पर वहां की एक अदालत ने जुर्माना लगाया। कुछ समय बाद यह खबर आई कि हिंदुओं ने 'सद्भावना' बनाए रखने के लिए दंगाइयों पर लगाया गया जुर्माना 'माफ' कर दिया है और इसी के साथ सरकार ने दोषियों पर चलाया जा रहा मुकदमा वापस लेने का फैसला किया है। कोई भी समझ सकता है कि हिंदुओं को डराकर इसके लिए राजी किया गया होगा कि वे अपनी खैर चाहते हैं तो मंदिर खाक करने वालों को माफ कर दें। जैसे इस झूठी धारणा से लैस लोगों से बातचीत सार्थक नतीजे नहीं दे सकती कि भारत का मुस्लिम समाज खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है, वैसे ही इस बात का भी कोई विशेष मूल्य-महत्व नहीं कि सबका डीएनए एक है। विभिन्न समुदायों के लोगों का डीएनए एक होना उनके बीच शांति-सद्भाव की गारंटी नहीं हो सकता। यदि ऐसा होता तो पाकिस्तानी सेना और उसकी खुफिया एजेंसी के लोग आज भारत के सच्चे हितैषी होते, क्योंकि उनका भी डीएनए वही है, जो भारत के लोगों का है। संवाद की महत्ता तभी है, जब वह मिथ्या धारणाओं से मुक्त होकर किया जाए या फिर उसका लक्ष्य ऐसी धारणाओं और साथ ही हर तरह के पूर्वाग्रह-दुराग्रह का निवारण करना हो। संवाद के माध्यम से सत्य का साक्षात्कार किया जाना चाहिए। यदि उद्देश्य यही है तो फिर संवाद का सिलसिला न केवल कायम रहना चाहिए, बल्कि उसमें सभी को अपना योगदान भी देना चाहिए।

# पुरानी पेंशन की बहाली के खतरे

इस समय देश में सरकारी कार्मिकों के लिए पुरानी पेंशन का मुद्दा खूब छाया हुआ है। गले तक कर्ज में डूबे पंजाब ने अपने 1.60 लाख कार्मिकों के लिए राष्ट्रीय पेंशन




प्रणाली यानी एनपीएस के स्थान पर पुरानी पेंशन बहाली के लिए कदम बढ़ाए हैं। राजस्थान, छत्तीसगढ़ और झारखंड पहले ही एनपीएस को अपने यहां बंद कर 1972 की पेंशन योजना को बहाल करने की घोषणा कर चुके हैं। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी वित्त विभाग को इस मामले का परीक्षण करने के लिए कहा है। गुजरात में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी अपने वादों में इसे दोहरा रही हैं। स्पष्ट है पुरानी पेंशन का मुद्दा एक चुनावी हथकंडा बन गया है और इसकी बहाली में राजनीतिक दल सत्ता की चाबी देख रहे हैं। वे यह जानते-समझते हुए भी ऐसा कर रहे हैं कि पुरानी पेंशन देना आर्थिक रूप से एक जोखिमपूर्ण नीति है। यह भी एक तरह की 'रेवड़ी संस्कृति' ही है, जिसका सामाजिक न्याय या सुरक्षा के साथ कोई तार्किक संबंध नहीं है। 2004 में वाजपेयी सरकार ने 1972 के पेंशन उपबंधों के स्थान पर भागीदारी केंद्रित एनपीएस योजना को आकार दिया था, जिसे बाद में संप्रग सरकार ने भी सशक्त बनाया। बंगाल को छोड़कर सभी राज्यों ने इसे अपने यहां लागू किया और आज भी सभी राज्यों एवं केंद्र के कार्मिकों के लिए यह लागू है। पुरानी पेंशन असल में पिछली सदी के आठवें दशक की सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों की मांग पर निर्भर थी। यह सेवानिवृत्ति के समय अंतिम वेतन पर 50 प्रतिशत रकम को पेंशन के रूप में निर्धारित करती थी।

# समस्या बनती अन्न की महंगाई, नई खाद्य आपूर्ति के बारे में सोचने का है समय

दुनिया भर में खाद्य वस्तुओं की आसमान छूती महंगाई के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देश के 80 करोड़ गरीबों को राहत देने के लिए पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना को तीन महीने के लिए बढ़ा दिया है। इसके तहत प्रत्येक पात्र कार्ड धारक को हर महीने पांच किलो अनाज निःशुल्क मिलेगा। सरकार यह सुनिश्चित कर रही है कि कोरोना महामारी और रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण दुनिया में फैली खाद्य महंगाई का गरीबों पर कम से कम प्रभाव पड़े। उल्लेखनीय है कि श्रीलंका, पाकिस्तान, सेनेगल जैसे देश ही नहीं जापान, जर्मनी, सिंगापुर, ब्रिटेन, अमेरिका जैसे विकसित देश भी खाद्य वस्तुओं की महंगाई से परेशान हैं। महंगाई पर काबू पाने और घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए सरकारें मौद्रिक नीतियों में बदलाव, निर्यात पर प्रतिबंध जैसे तात्कालिक उपाय कर रही हैं, लेकिन ये उपाय अपर्याप्त सिद्ध हो रहे हैं। विश्व खाद्य कार्यक्रम और संयुक्त राष्ट्र की अन्य चार एजेंसियों की रिपोर्ट के अनुसार 2021 में 2.3 अरब लोगों को गंभीर या मध्यम स्तर तक की भुखमरी का सामना करना पड़ा। आपूर्ति श्रृंखला में रुकावट, पेट्रोल, डीजल, उर्वरक और रसायन आदि के ऊंचे दाम के कारण दुनिया भर में खाद्य वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। इसकी सबसे ज्यादा मार विकासशील देशों के गरीब लोगों पर पड़ रही है। विश्वव्यापी महंगाई के लिए भले ही रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण अनाज, उर्वरक और रसायन



आदि की आपूर्ति प्रभावित होने को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है, लेकिन केवल रूस-यूक्रेन युद्ध को दोष देना ठीक नहीं। अन्न की कीमतें 2020 से ही तेजी से बढ़ रही हैं। मई 2020 से फरवरी 2022 के बीच विश्व खाद्य संगठन फूड प्राइस इंडेक्स 55.2 प्रतिशत बढ़ चुका है। कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों से जहां एक ओर उत्पादन, परिवहन लागत बढ़ी, वहीं कोविड के कारण श्रमिकों की उपलब्धता प्रभावित हुई। 1960 के बाद खाद्यान्न उत्पादन में तेजी आई और अधिक उत्पादन एवं स्थिर मांग के कारण कीमतें लगातार नीचे आ रही थीं। इसके अतिरिक्त बफर स्टाक के कारण अकाल, युद्ध जैसी स्थितियों से आपूर्ति पर दबाव नहीं पड़ता था, लेकिन पैदावार में गिरावट और अन्न के बढ़ते गैर खाद्य उपभोग के कारण वैश्विक बफर स्टाक 2017 से ही कम हो रहा है। 2019 तक बफर स्टाक कीमतों को थामने में सफल रहा, लेकिन उसके बाद मांग और पूर्ति का संतुलन बिगड़ गया। इससे अनाज महंगे होने लगे।चूंकि गरीब देशों के पोषण में 80 प्रतिशत योगदान अन्न का होता है इसीलिए महंगा अनाज गरीबों की समस्या बढ़ा रहा है। दुर्भाग्यवश हम पैदावार में आ रही गिरावट को रोकने और मौसम में आ रहे बदलाव के प्रबंधन में नाकाम हैं। लगातार बढ़ते तापमान के कारण बारिश का सदियों पुराना पैटर्न बदल रहा है। आज न तो समय से बारिश होती है और न ही उसकी मात्रा समान रहती है। इस साल यूरोप में भीषण सूखा पड़ा। नदियों, झीलों और जल भंडारों में पानी घट गया और कई जगह तो सूख भी गया। नदियों में जलस्तर के नीचे जाने से जहाजों की आवाजाही प्रभावित हुई। इससे जल परिवहन के बजाय सड़क-रेल परिवहन बढ़ा, जिससे लागत बढ़ रही है।चीन की जीवन रेखा मानी जाने वाले यांगटिसीक्यांग नदी का जलस्तर सबसे निचले स्तर पर आ चुका है। इससे पेयजल, बिजली उत्पादन, सिंचाई और परिवहन गतिविधियां प्रभावित हुई हैं। भारत में भी कई राज्यों में सूखे जैसी स्थिति है तो मध्य प्रदेश और महाराष्ट्र में बारिश आपदा बन गई। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार भूमि क्षरण और जलवायु परिवर्तन के कारण वर्ष 2000 से अब तक सूखे के मामले 29 प्रतिशत बढ़े हैं। सूखे से औद्योगिक गतिविधियों, बिजली उत्पादन, कृषि, विनिर्माण एवं पर्यटन प्रभावित हो रहे हैं। वनों के उन्मूलन, रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों के असंतुलित इस्तेमाल से मिट्टी में कार्बन तत्व कम हो रहे हैं, जिससे पैदावार में लगातार गिरावट आ रही है। कृषि कार्य में मशीनरी, उर्वरक, कीटनाशक, परिवहन आदि प्रतिवर्ष 17.3 अरब टन ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जित करते हैं। विश्वव्यापी प्रदूषण के एक-तिहाई के लिए आधुनिक खाद्य उत्पादन जिम्मेदार है। अब हमें नई खाद्य आपूर्ति के बारे में सोचना होगा। जलवायु परिवर्तन के कारण बदलती स्थितियों में यदि क्रांतिकारी सुधार नहीं किए गए तो आयातित खाद्य पदार्थों तक पहुंच प्रभावित होगी। यदि सरकारें खाद्य सुरक्षा देने में नाकाम रहती हैं तो उन्हें लोगों के आक्रोश का सामना करना पड़ सकता है, जैसा हाल में पाकिस्तान, श्रीलंका और इराक में देखने को मिला। विशेषज्ञ यह सुझाव दे रहे हैं कि खाद्य महंगाई पर काबू पाने के लिए हमें केंद्रीकृत-औद्योगिक उत्पादन तंत्र की जगह पर्यावरण अनुकूल विकेंद्रित खाद्य उत्पादन तंत्र स्थापित करना होगा। खेत में पैदा होने से लेकर थाली तक पहुंचने में खाद्य पदार्थ औसतन 1500 मील की दूरी तय करते हैं। इस क्रम में वह महंगा होता जाता है। केंद्रीकृत औद्योगिक खाद्य तंत्र में रासायनिक उर्वरक, भारी मशीनरी, प्रोसेसिंग, पैकेजिंग और रेफ्रिजरेशन आदि का इस्तेमाल होता है। इस तंत्र में भी खेत से लेकर थाली तक पहुंचने के क्रम में आधे खाद्य पदार्थ नष्ट हो जाते है। उनके सड़ने से ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जित होती है। विकेंद्रित खाद्य तंत्र में स्थानीय स्तर पर पैदा होने वाले अन्न के उत्पादन को बढ़ावा दिया जाता है, जिसमें रासायनिक उर्वरकों, कीटनाशकों, सिंचाई की कम जरूरत पड़ती है। मोदी सरकार वर्षाधीन इलाकों में विविध फसलों वाली दूसरी हरित क्रांति लाने और स्थानीय भंडारण सुविधा सृजित करने पर काम कर रही है। इससे वैश्विक ताप वृद्धि और जलवायु परिवर्तन से पैदा होने वाली चुनौतियों से निपटने में सहायता मिलेगी।

## संक्षिप्त समाचार

### अमेरिका का रूस और चीन पर निशाना

**न्यूयॉर्क।** उत्तर कोरिया लगातार बैलिस्टिक मिसाइलों का परीक्षण कर रहा है। हाल ही में उसने जापान के ऊपर से भी बैलिस्टिक मिसाइल दागी थी। उत्तर कोरिया के बहाने अमेरिका ने रूस और चीन पर निशाना साधा है। दोनों देशों का नाम लिए बिना अमेरिका ने कहा कि रूस और चीन प्योंगयांग को अपने परमाणु हथियारों और बैलिस्टिक मिसाइल कार्यक्रमों पर लगाए गए संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद (यूएनएससी) प्रतिबंधों से बचाने की कोशिश कर रहे हैं। यूएन में अमेरिकी राजदूत लिंडा थॉमस ग्रीनफील्ड ने कहा कि उत्तर कोरिया को यूएन के दो सदस्यों से पूरी सुरक्षा मिली है। संक्षेप में, सुरक्षा परिषद के दो




स्थायी सदस्यों ने किम जोंग उन को सक्षम बनाया है। मिसाइल परीक्षण के बाद हुई बैठक बता दें कि उत्तर कोरिया ने पांच साल में पहली बार जापान के ऊपर से बैलिस्टिक मिसाइल दागी हैं। मिसाइल परीक्षण के बाद बुधवार को 15 सदस्यीय परिषद की बैठक हुई। जापान ने अपने निवासियों को लेकर सलाह दी है।उत्तर कोरिया ने अपने पूर्वी तट से मंगलवार को मिसाइल दागी हैं। मिसाइल दागे जाने के बाद टोक्यो ने अपने नागरिकों से आश्रय स्थलों की शरण लेने को कहा है। क्योडो न्यूज के अनुसार, मंगलवार तड़के सरकार ने अलर्ट जारी कर जापान के उत्तरी मुख्य द्वीप होक्काइडो और उत्तर-पूर्वी प्रांत आओमोरी के निवासियों से इमारतों के अंदर रहने का आग्रह किया। व्हाइट हाउस की तरफ से कहा गया, 'किशिदा और बाइडन ने कोरिया गणराज्य और अंतराष्ट्रीय समुदाय के साथ द्विपक्षिय रूप से तत्काल और दीर्घकालिक समन्वय रखने की पुष्टि की है।

# पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन दैनिक बाजार सेक्टर- 76 नोएडा के कार्यकर्ताओं ने किया भंडारे का आयोजन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** बिसरख नोएडा पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन सीटू दैनिक बाजार सेक्टर- 76, नोएडा कमेटी के अध्यक्ष रामेश्वर स्वामी, वरिष्ठ पदाधिकारी राकेश कुमार, आयोजन किया। इस अवसर पर पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन के महामंत्री व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा ने बताया कि हमारी यूनियन की सेक्टर- 76, बाजार कमेटी और सभी पथ





देवनारायण, लाला पहलवान, पप्पू, राजपाल सिंह, परवेज, भगवानदास, श्याम सिंह, कृष्णा, अभय कुमार, राम रछपाल, मेघनाथ सैनी आदि ने सेक्टर- 76, नोएडा के पथ विक्रेताओं के सहयोग से सेक्टर- 76, नोएडा पर भंडारे का विक्रेताओं ने मिलकर 4 अक्टूबर 2022 को भंडारे का आयोजन किया भंडारे में कई सौ गरीब मजदूरों व जरूरतमंदों ने भोजन किया साथ ही उन्होंने कहा कि हमारे साथी आगे भी इसी तरह सेवा परोपकार का कार्य करते रहेंगे।

## एलन मस्क का ट्विटर डील में यू-टर्न


**फ्रांसिस्को।** दुनिया के सबसे अमीर बिजनेसमैन में से एक एलन मस्क ने एक बार फिर डील में यू-टर्न लिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अब मस्क द्वारा फिर से



ट्विटर को पुराने सौदे के हिसाब से ही खरीदने की चर्चाएं तेज हो गई हैं। न्यूज एजेंसी ने भी अपनी एक रिपोर्ट में कहा है कि मस्क ट्वीटर में बहुत कुछ नया जोड़ना चाहते हैं। ट्विटर डील पर फिर से आगे बढ़ने की खबरों के बीच मस्क ने भी पहली बार इस पर ट्वीट किया है। मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म के लिए अपनी योजनाओं के बारे में कुछ ठोस विवरण साझा किए हैं। जबकि उन्होंने अप्रैल में कंपनी को खरीदने के लिए सहमत होने के बाद से मुक्त भाषण और स्पैम बॉट्स का मजाक उड़ाया था। वह (मस्क) कुछ ही हफ्तों में 237 मिलियन दैनिक उपयोगकर्ताओं के साथ दुनिया के सबसे शक्तिशाली संचार प्लेटफार्मों में से एक के मालिक हो सकते हैं, हालांकि यह सौदा अंतिम नहीं है। मई में, ट्रम्प ने मिनियापोलिस में विरोध के जवाब में लिखा कि, जब लूट शुरू होती है, तो शूटिंग शुरू होती है, जिसके बाद ट्विटर ने पहली बार उनके पोस्ट में एक चेतावनी लेबल को जोड़ दिया था।

# यूक्रेन युद्ध पर पीएम मोदी और जेलेंस्की ने की चर्चा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** रूस और युक्रेन के बीच युद्ध को करीब सात महीने बीत चुके हैं। ऐसे में पीएम मोदी



ने मंगलवार को यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। इस दौरान यूक्रेन के दक्षिणी क्षेत्र में चल रहे युद्ध पर चर्चा की। प्रधानमंत्री ने कहा कि यूक्रेन युद्ध का कोई सैन्य समाधान नहीं हो सकता है। पीएमओ ने जानकारी दी कि पीएम मोदी ने युद्ध को जल्द खत्म करने और बातचीत व कूटनीति के रास्ते पर चलने की जरूरत दोहराई। पीएम मोदी ने दृढ़ विश्वास व्यक्त किया कि किसी भी शांति प्रयासों में योगदान करने के लिए भारत की तत्परता से अवगत कराया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जेलेंस्की से टेलीफोन पर बातचीत में संयुक्त राष्ट्र चार्टर, अंतरराष्ट्रीय कानून और सभी राज्यों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने के महत्व को भी दोहराया। यूक्रेन के राष्ट्रपति के साथ अपनी बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने इस बात पर जोर दिया कि भारत यूक्रेन सहित परमाणु प्रतिष्ठानों की सुरक्षित और सुरक्षा को महत्व देता है।

# ब्रम्हचारी कुटी में महानवमी के दिन मां सिद्धिदात्री का हुआ पूजन व हवन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 82 स्थित प्राचीन तपोभूमि ब्रम्हचारी कुटी में नवरात्रि के नौवें दिन बोधगया मठ के महंत रमेश गिरी महाराज के सानिध्य में मां सिद्धिदात्री का विधि विधान से पूजन किया गया। पंडित मनोहर दीक्षित शास्त्री द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सुबह 7 बजे से हवन यज्ञ कराया गया जिसमें दुर्गा सप्तशती के मंत्रों से मातारानी एवं अन्य देवताओं को आहुतियां प्रदान की गई । हवन यज्ञ के उपरांत आरती की गई। मातारानी को मिष्ठान व फलों का भोग लगाया गया और सभी भक्तों को वितरित किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने कहा कि मां सिद्धिदात्री सभी सिद्धियों को प्रदान करने वाली हैं। मातारानी सबका कल्याण करने वाली हैं जो भक्त माता की प्रेम के साथ आराधना करते है उनकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण हो जाती हैं। नवरात्रि में माता की आराधना से अनंत गुना फल की प्राप्ति होती है। विजय दशमी के दिन 12 बजे से भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कुटी व्यवस्थापक विकास भारती, पंडित अभिषेक तिवारी, अशोक कुमार, ओम कुशवाहा, पंडित चंद्रकांत दुबे,संजय त्यागी, बबलू चौहान, चौधरी जयकरण सहित तमाम भक्तजन मौजूद रहे।



# राम द्वारा लंका पर चढ़ाई और लक्ष्मण मूर्छा के साथ हुआ मेघनाथ, कुंभकरण का वध

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** सेक्टर 46 के रामलीला ग्राउंड में चल रही श्रीराम लखन धार्मिक लीला में नवम दिन की रामलीला में विभीषण शरणागतम, सेतु बंधन, रामेश्वरम की स्थापना, रावण अंगद संवाद ,लक्ष्मण मूर्छा, नहीं देख सकता। रामलीला ही मात्र एक ऐसी लीला है जिसे पूरा परिवार एक साथ बैठकर देख सकता है। उन्होंने रामलीला समिति के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल और उनकी टीम का आभार प्रकट किया और कहा कि उन्हें नोएडा बुलाकर रामलीला लंका भेजना। रावण , अंगद संवाद । इसके बाद युद्ध का प्रारंभ होना और मेघनाथ व कुंभकरण का वध करने की लीला का मंचन किया गया। इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष विपिन अग्रवाल द्वारा आए हुए सभी अतिथियों का सम्मान और



हनुमान जी द्वारा संजीवनी बूटी लाना और मेघनाथ वध ,कुंभकरण वध की लीला का मंचन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व विधायक अनीता लोधी और अति विशिष्ट अतिथि के रूप में नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी अविनाश त्रिपाठी मौजूद रहे। इस अवसर पर पूर्व विधायक अनीता लोधी ने कहा कि रामलीला से जहां बार-बार राम का नाम लेने से लोगों की मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं । वही रामलीला से यह पता चलता है कि पूरा परिवार रामलीला को एक साथ बैठकर देख सकता है। जबकि फिल्म एवं टीवी के कुछ सीरियल एक साथ पूरा परिवार जैसे कार्यक्रम में मौका दिया। उसके लिए सभी बधाई के पात्र हैं इस अवसर पर नोएडा प्राधिकरण के ओएसडी अविनाश त्रिपाठी अति विशिष्ट अतिथि के रूप में बोलते हुए रामलीला आयोजकों का आभार प्रकट किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि के रूप में शंभू पोखरियाल, मोहम्मद आजाद, राजेश गुप्ता, दीपक गुप्ता, देवेंद्र दंगल ,राधा कृष्ण गर्ग, डिंपल आनंद आदि मौजूद थे। रामलीला वाचक पंडित कृष्णा स्वामी ने नवम दिन की रामलीला का शुभारंभ राम जी द्वारा लंका पर चढ़ाई ,समुंद्र किनारे पहुंचकर रामेश्वरम की स्थापना करना तथा इसके बाद अगद को स्वागत किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के मनोज अग्रवाल, पूनम सिंह, राजेंद्र जैन, संजय गोयल, आलोक गुप्ता, विकास बंसल ,अनुज गुप्ता, रामवीर यादव, संदीप अग्रवाल ,मनीष अग्रवाल, सुभाष चंद शर्मा, बलराज गोयल ,अशोक गोयल, सुशील सिंगल, राजीव अग्रवाल ,राधेश्याम गोयल , मुकेश गुप्ता ,राकेश कुमार अग्रवाल, कुलदीप गुप्ता, सौरभ अग्रवाल ,राहुल गुप्ता, राम अवतार सिंह ,शरद सिनहा, गौरव मित्तल, राजीव जैन, प्रदीप कुमार अग्रवाल, भागीरथ अग्रवाल, कुलदीप कटिहार, महेश अग्रवाल, राजेश बंसल दीपक गौतम ,अमित जैन , ङदेवेंद्र , वीरेंद्र गर्ग आदि मौजूद थे।

# तेलंगाना राष्ट्र समिति बनी भारत राष्ट्र समिति

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**हैदराबाद।** तेलंगाना से बाहर पार्टी का विस्तार करने की महत्वाकांक्षा के तहत प्रदेश में सत्तारूढ़ तेलंगाना राष्ट्र समिति ने बुधवार को अपना नाम बदलकर भारत राष्ट्र समिति कर लिया। पार्टी की आम सभा में इस संबंध में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया। आंध्र प्रदेश को विभाजित कर अलग तेलंगाना राज्य के गठन की मांग के साथ लगभग दो दशक पहले टीआरएस



का गठन किया गया था। अब उसका लक्ष्य भाजपा को टक्कर देना और समान विचारधारा वाले दलों को साथ लाकर राष्ट्रीय ताकत के रूप में उभरना है। जेडीएस के नेता एचडी कुमारस्वामी और तमिलनाडु की वीसीके पार्टी के नेता व सांसद टी. तिरुमावालावन की उपस्थिति में टीआरएस के अध्यक्ष व तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव ने पार्टी का नाम बदलने का प्रस्ताव पेश किया और बैठक में इसे सर्वसम्मति से पारित कर दिया गया। राव की घोषणा का पार्टी के पदाधिकारियों ने तालियों की गड़गड़ाहट के साथ स्वागत किया। इस दौरान केसीआर जिंदाबाद, टीआरएस जिंदाबाद, देश का नेता केसीआर, प्रिय भारत वह आ रहा है, केसीआर रास्ते में है जैसे नारे भी लगाए गए। इस मौके पर राव ने कहा कि पार्टी की गतिविधियों का देशभर में विस्तार करने के लिए नाम में परिवर्तन किया गया है और इसके अनुसार पार्टी के संविधान में भी बदलाव किया गया है। उन्होंने एलान किया कि अब वह देश की यात्रा पर निकलेंगे। पार्टी सूत्रों का कहना है कि नियमों के मुताबिक पार्टी के नाम में बदलाव की सूचना निर्वाचन आयोग को दे दी जाएगी। बता दें कि टीआरएस ने नाम में परिवर्तन ऐसे समय किया है जब अगले साल राज्य में विधानसभा और 2024 में लोकसभा के चुनाव होने हैं। नाम परिवर्तन पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए मित्र दल एआइएमआइएम के अध्यक्ष असदुद्दीन ओवैसी ने ट्वीट कर कहा, 'पार्टी को नई शुरुआत करने के लिए मेरी शुभकामनाएं।' कांग्रेस की तेलंगाना इकाई के अध्यक्ष आर. रेड्डी ने आरोप लगाया कि परिवार के विवाद को सुलझाने और राजनीतिक लालच को पूरा करने के लिए पार्टी का नाम बदला गया है। उन्होंने पहल की निंदा करते हुए दावा किया कि केसीआर तेलंगाना में चुनाव लड़ने के योग्य नहीं हैं। तेलंगाना भाजपा के मुख्य प्रवक्ता के. कृष्ण सागर राव ने इस कदम को दुस्साहसी योजना करार दिया।

# श्री सिद्ध पीठ शनि मन्दिर नोएडा मे माँ कामाख्या की मूर्ति स्थापना

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** महा नवरात्रि के शुभ अवसर पर, माँ कामाख्या देवी के नव निर्मित मन्दिर का उद्घघाटन एवं मूर्ति स्थापना आलोक सिह आई.पी.एस. पुलिस आयुक्त गौतमबुद्ध नगर, नवाब सिह नागर पू. मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एवं श्रीमती विमला बाथम अध्यक्षा महिला आयोग उत्तर प्रदेश के पुनीत कर कमलो से किया गया। अध्यक्ष मान सिंह चौहान ने बताया कि, आज ही शनिदेव बाबा का 20वाँ स्थापना दिवस हैं, जिसे धूमधाम से मनाया गया। श्री सिद्ध पीठ शनि मन्दिर नौएडा की स्थापना दिनांक 04 अक्टूबर 2003 को हुई थी। आज नवरात्रों का ऐसा पावन दिवस जिसमें एक साथ माँ कामाख्या सिद्धिदात्री ,श्री हनुमानजी एवं श्री शनिदेव बाबा का आशीर्वाद भगत जनों ने प्राप्त किया। इस पावन अवसर पर महेश सक्सेना ,डा.वी.एस.चौहान, करतार सिह चौहान, मुकुल बाजपेई, राजीव मिश्रा, मोहन शर्मा, दीपक गुप्ता, इंदर चन्दर डी सी पी, आशुतोष द्विवेदी एडिशनल डी सी पी, सूर्य नारायण गुप्ता प्रमोद त्यागी उदय मिश्रा एस.के.टक्कर, मुकेश सिंहल, पी के गुप्ता आदि उपस्थित रहे ।



# जानें कौन हैं संतोष यादव, जिन्हें आरएसएस ने बनाया मुख्य अतिथि, बताया अपना अनुभव

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ की स्थापना के बाद से हर साल नागपुर में दशहरे पर कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है। साल 1925 के बाद इस कार्यक्रम में कोई पुरुष मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत करता आया है। लेकिन पहली बार इस प्रोग्राम में संघ किसी महिला को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। हालांकि 1936 में संघ ने अपनी महिला विंग राष्ट्र सेविका समिति की स्थापना की थी। उस वक्त लक्ष्मीबाई केलकर को बुलाया गया था। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के दशहरा कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में इस वर्ष पर्वतारोही संतोष यादव शामिल हुईं। आरएसएस की स्थापना दिवस पर उन्होंने कहा कि




लोग मेरे हाव-भाव देखकर पूछते थे कि क्या तुम संघी हो इसका जवाब देते हुए मैं उन्हें कहती थी कि वो क्या होता है। आज किस्मत मुझे सर्वोच्च मंच पर लेकर आई है। संतोष यादव ने एक किस्सा बताते हुए कहा कि एक बार जेएनयू में वह पर्यावरण पर बोल रही थीं। तभी एक छात्रा ने उनसे कहा कि हमें रामचरितमानस या गीता पढ़ने के लिए क्यों कहा जाता है। मैंने उन्हें कहा कि ऐसा तो मैंने नहीं कहा है। फिर मैंने उन्हें कहा कि आपने इन पुस्तकों को पढ़ा है तो उन्होंने कहा कि नहीं। फिर मैंने उन्हें कहा कि बिना पढ़े आप इन पुस्तकों को लेकर द्वेष क्यों पाल रही हैं। आप इसे पढिए। सनातन संस्कृति सृजन की प्रेरणा देता है। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत विजय दशमी समारोह में शामिल हुए।

# विभाजन की वजह बन सकती है जनसंख्या असंतुलन

## भागवत के इस बयान पर ओवैसी बोले

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**मुंबई।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा है कि किसी भी देश में जनसंख्या असंतुलन उस देश के विभाजन का कारण बन सकता है। सरसंघचालक ने लगातार दूसरे वर्ष संघ की विजयदशमी रैली में जनसंख्या असंतुलन के खतरों के बेरोजगार युवाओं को लेकर है। मुसलमानों की प्रजनन दर में सबसे ज्यादा गिरावट आई है। भागवत ने नागपुर में दशहरा रैली को संबोधित करते हुए कहा है कि भारत को व्यापक सोच के साथ जनसंख्या नीति तैयार करनी चाहिए। यह सभी समुदायों पर समान रूप से लागू होनी चाहिए।




प्रति आगाह किया है। इस बयान पर एआइएमआइएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने नाराजगी जताई है। उन्होंने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण की कोई आवश्यकता नहीं है, क्योंकि देश पहले ही प्रतिस्थापन दर हासिल कर चुका है। वह जनसंख्या नीति पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने एक ट्वीट में कहा, हिंदुओं और मुसलमानों का यदि एक ही डीएनए है तो असंतुलन कहां है। जनसंख्या नियंत्रण की कोई आवश्यकता नहीं है। चिंता एक बूढ़ी होती आबादी और आरएसएस प्रमुख ने कहा कि समुदाय आधारित जनसंख्या असंतुलन एक महत्वपूर्ण विषय है। इसे नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए।मोहन भागवत ने नागपुर स्थित राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मुख्यालय में संघ की परंपरागत दशहरा रैली को संबोधित करते हुए कहा कि हम जनसंख्या असंतुलन का परिणाम एक बार भुगत चुके हैं। ऐसा केवल हमारे साथ ही नहीं हुआ है। पूर्वी तिमोर, दक्षिणी सूडान और कोसोवो जैसे देश इंडोनेशिया, सूडान और सर्बिया जैसे देशों के भूभाग में जनसंख्या का संतुलन बिगड़ने का कारण बन चुके हैं।

# रावण, कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों का हुआ दहन

**(आधुनिक समाचार सेवा)**
**नोएडा।** श्री राम लखन धार्मिक लीला समिति द्वारा सेक्टर 45 में आयोजित रामलीला पर्व के तहत विजयदशमी पर्व भारी सुरक्षा के बीच आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर मौजूद रहे। अच्छाई की जीत का पर्व माना जाता है। उन्होंने कहा कि रावण को अपने अहंकार की वजह से इतना विद्वान व वीर होते हुए भी युद्ध में हार मिली। भाजपा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता ने दशहरा पर्व देखने आए लोगों को दशहरा पर्व की बधाई दी और कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को विपिन अग्रवाल ने रामलीला में सहयोग देने वाले सभी लोगों का आभार प्रकट किया और वहां मौजूद लोगों को रामलीला की शुभकामनाएं दी। साथ ही उन्होंने कहा कि 32 वर्षों से रावण, कुंभकरण, मेघनाथ के पुतले बना रहे मुरादाबाद निवासी सतीश कुमार ने इन पुतलो को



वही विशिष्ट अतिथि के रूप में रिटायर्ड आईएएस अधिकारी एनपी सिंह, भाजपा महानगर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, शहीद कैप्टन शशिकांत शर्मा के माता- पिता मौजूद थे। अतिथियों द्वारा कुंभकरण मेघनाथ और रावण के पुतलों का दहन किया। रावण का पुतला 65 फुट, कुंभकरण का पुतला 60 फीट और मेघनाथ का पुतला 55 फीट था। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राज्यसभा सांसद सुरेंद्र नागर ने मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि दशहरा का यह पर्व बुराई पर अच्छाई के रास्ते पर चलकर देश व समाज का भला करना चाहिए। उन्होंने कुंभकरण और मेघनाथ के पुतलों के दहन के बाद ,रावण के पुतले का दहन किया। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रिटायर्ड आई ए एस अधिकारी एनपी सिंह ने भी वहां मौजूद लोगों को तथा रामलीला आयोजन समिति को मुबारक बाद दी।आज शहीद कैप्टन शशिकांत शर्मा का शहीदी दिवस भी है । इसलिए रामलीला आयोजकों ने शहीद कैप्टन शशी कांत शर्मा जी को श्रद्धांजलि भी दी। इस अवसर पर रामलीला समिति के अध्यक्ष बनाया था। इस अवसर पर रामलीला वाचक पंडित कृष्णा स्वामी ने रामलीला आयोजन समिति और रामलीला देखने वालों को भी बधाई दी। दशहरा पर्व के अवसर पर मनोज अग्रवाल, कुमारी पूनम सिंह राजेंद्र जैन संजय गोयल आलोक गुप्ता विकास बंसल अनुज गुप्ता प्रदीप अग्रवाल मनीष अग्रवाल सुभाष चंद्र शर्मा बलराज गोयल अशोक गोयल सुशील सिंगल गिर्राज अग्रवाल राधेश्याम गोयल प्रवीण बंसल महावीर गोयल डॉक्टर एसपी जैन राजेंद्र भाटी जगदीश भारद्वाज दीपक बंसल आदि मौजूद थे।

# एक्ट्रेस कंचन अवस्थी ने राष्ट्रीय अवार्ड महोत्सव मे की शिरकत नामी कलाकारों से समझी एक्टिंग की बारिकिया

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**प्रयागराज।** एक्ट्रेस कंचन अवस्थी ने राष्ट्रीय अवार्ड महोत्सव,नई दिल्ली में की शिरकत आशा पारेख, अजय देवगन, उदित नारायण, मधुर भंडारकर जैसे बहुत से नामचीन कलाकारों से हुयी अच्छी मुलाकात। अजय देवगन के साथ स्क्रीन शेयर करना अच्छा लगेगा कंचन अवस्थी कंचन अवस्थी ने अपने एक इंटरव्यू में आधुनिक समार्चा संवादाता को बताया - मुझसे जब कोई पुछता है मेरा पसंदीदा स्टार कौन है तो मैं यही कहता हूं वेसे तो मुझे विधि अभिनेता पसंद है क्योंकि मैं खुद भी थिएटर से हूं और ऐसे विषय मैंने बहुत देखे और पढ़ें हैं। स्मिता पाटिल जी की अर्थ न जाने कितनी बार देखी है। मुझे बहुत पसंद है प्रदर्शन उन्मुख विषय मैं मुबारक बाद देना चाहूंगी अजय देवगन सर को उनकी फिल्म तान्हा जी के लिए जिसके लिए उन्हें राष्ट्रीय पुरस्कार मिला और बिलकुल मुझे बहुत खुशी होगी अगर मैं उनके साथ स्क्रीन शेयर करुं। मैंने बचपन में उनकी बहुत सारी फिल्में देखी है और आज जब मैं इस इंडस्ट्री में हूं और काम कर रही हूं ,और फिर मुझे मौका मिलता है उन सबके साथ काम करने का जिनको मैं टीवी में देखती हुई बड़ी हुई हूँ, तो यह किसी सपने के पूरा होने जैसा है।



# नौरात्री सेलिब्रेशन में कटरीना कैफ को टकटकी लगाए घूरते रहे रणबीर कपूर

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** कटरीना कैफ और रणबीर कपूर एक समय पर बॉलीवुड के पावर कपल कहे जाते थे। दोनों की लव स्टोरी फिल्म राजनीति के सेट से शुरू हुई और ऐसी परवान चढ़ी की दोनों मीडिया का ग्रैंड सेलिब्रेशन रखा एक तरफ आलिया परिवार के साथ अपने होने वाले बच्चे के आने की तैयारियां कर रही थीं। वहीं, दूसरी तरफ रणबीर और उनकी एक्स कटरीना कैफ की कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल होने लगी, जिनमें दोनों हैं। इनमें से एक तस्वीर में कटरीना पूजा के बाद आरती लेती हुई दिख रही हैं तो वहीं भरी भीड़ में खड़े रणबीर उन्हें टक-टकी लगाए देखे जा रहे हैं। रणबीर कपूर और कटरीना कैफ की जैसे ही ये तस्वीरें सामने आई सोशल



की लाइमलाइट में आ गए। हालांकि, इनका रिश्ता ज्यादा दूर तक नहीं जा सका और कुछ सालों बाद ही ब्रेकअप हो गया। अब दोनों के रास्ते एक-दूसरे से अलग हो चुके हैं। कटरीना ने विक्की कौशल, तो रणबीर ने आलिया भट्ट से शादी कर ली और रणबीर तो जल्द पिता भी बनने वाले हैं। विजयदशमी के मौके पर आलिया भट्ट ने अपने घर पर गोद भराई साथ में नवरात्रि का फेस्टिवल सेलिब्रेट करते हुए नजर आ रहे हैं।कटरीना कैफ और रणबीर कपूर एक स्पेशल नवरात्री सेलिब्रेशन में पहुंचे। जहां फिल्म इंडस्ट्री के कई सेलेब्स ने शिरकत की। सितारों से सजा यह खास नवरात्रि पूजा केरल में ऑर्गेनाइज किया गया। जहां, कटरीना और रणबीर भी शामिल हुए। सेलिब्रेशन से दोनों की कई सारी तस्वीरें सामने आई मीडिया पर फैंस की दिलचस्पी दोनों को लेकर दोगुनी हो गई। तस्वीर पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने कहा, रणबीर को देखो नजर नहीं हट रही है कैट से। एक अन्य यूजर ने कहा, माचिस की तीली फेंक दी है मैंने आग लगा दो। आलिया भट्ट का जिक्र करते हुए एक यूजर ने कहा, रणबीर इस तरह कभी भी अपनी पत्नी की तरफ नहीं देखते, आलिया तो रोने वाली हैं।

# आलिया भट्ट और रणबीर कपूर के साथ करिश्मा कपूर ने मनाया दशहरा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** रणबीर कपूर और आलिया भट्ट ने करिश्मा कपूर के साथ मिलकर दशहरा मनाया है। दरअसल करिश्मा कपूर ने एक तस्वीर शेयर की है। इसमें उन्हें इन दोनों के साथ बैठकर पोज देते से ज्यादा लाइक्स मिले हैं। इस पर नीतू कपूर ने तीन दिल की इमोजी शेयर की है। वहीं कई लोगों ने लव, हैप्पी फैमिली, हैप्पी दशमी, सुपर पिक्चर जैसे कमेंट किये है। करिश्मा कपूर करीना कपूर की बहन है।गौरतलब है कि रणबीर कपूर और



हुए देखा जा सकता है। तस्वीर में इन तीनों के अलावा नीतीशा नंदा भी नजर आ रही हैं। करिश्मा कपूर ने तस्वीर शेयर करते हुए लिखा है, 'शुभ दशहरा।' वहीं उन्होंने एक फूल, एक हाथ जोड़ने वाली इमोजी भी शेयर की है। साथ ही उन्होंने लिखा है, 'पारिवारिक प्यार।करिश्मा कपूर की तस्वीरें इंस्टाग्राम पर वायरल हो गई है। इसे 45 मिनट में 45000 आलिया भट्ट ने आज बेबी शावर भी सेलिब्रेट किया है। आलिया भट्ट की बेबी शावर में कई कलाकार पहुंचे थे। आलिया इस अवसर पर ट्रेडिशनल ड्रेस में काफी खूबसूरत लग रही थी। वहीं रणबीर कपूर ने भी कुर्ता पजामा पहन रखा है। रणबीर कपूर ने टीका लगा रखा है, जिससे लगता है कि घर में पूजा का भी आयोजन किया गया था।

# रश्मिका मंदाना ने गुडबाय के किरदार को लेकर किया खुलासा

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**रश्मिका मंदाना और अमिताभ बच्चन स्टारर फिल्म गुडबाय शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। इस फिल्म वेबसाइट इंडिया टुडे की खबर के अनुसार रश्मिका मंदाना ने गुडबाय में अपने किरदार के बारे में बात करते हुए कहा, मुझे लगता है कि मैं तारा से बिल्कुल उल्टी हूं क्योंकि मैं उन



से नेशनल क्रश रश्मिका हिंदी फिल्म इंडस्ट्री में अपना डेब्यू करने जा रही है। फिल्म की रिलीज डेट पास आते ही मेकर्स और कलाकारों ने फिल्म का प्रमोशन शुरू कर दिया है। अब एक्ट्रेस ने फिल्म की रिलीज से पहले अपने किरदार को लेकर खुलकर बात ही है। समाचार सभी रस्मों को पूरा करती हूं, जिनमें तारा को विश्वास ही नहीं है। इसलिए, मैंने निर्देशक से कई बार पूछा था कि आपने मुझे तारा के रूप में कैसे सोचा। क्योंकि तारा हमेशा मुझे एक बहुत ही मतलबी व्यक्ति की तरह दिख रही है और मैं अपनी रियल लाइफ में मतलबी नहीं हूं।

# रश्मिका ने तोड़ा बोल्डनेस का रिकॉर्ड

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**'नेशनल क्रश' के नाम से जाने जानी वाली रश्मिका मंदाना जितनी कमाल की एक्ट्रेस हैं, उतनी ही खूबसूरत भी हैं। यह साउथ एक्ट्रेस का प्रमोशनल शेड्यूल भी और बिजी होता जा रहा है। इस बीच, रश्मिका की सिजलिंग फोटो सामने आई हैं, तो इंटरनेट पर तहलका मचा रही हैं।इस बात में



ब्यूटी टॉलीवुड में अपनी दमदार अदायगी से लोगों का दिल जीतने के बाद बॉलीवुड में भी कदम रखने को तैयार है। 7 अक्टूबर को रश्मिका की पहली बॉलीवुड फिल्म 'गुडबाय' रिलीज हो रही है। जैसे-जैसे उनकी डेब्यू फिल्म की रिलीज डेट सामने आ रही है, वैसे-वैसे कोई दो राय नहीं है कि रश्मिका मंदाना एक्टिंग के मामले में अच्छे-अच्छों को मात देती हैं। लेकिन खूबसूरती के मामले में भी वह किसी से कम नहीं हैं। रश्मिका ने व्हाइट थाई स्लिट ड्रेस में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो फैंस का दिल लूट रही हैं। उन्होंने इस मिडी ड्रेस में एक से बढ़कर एक सिजलिंग पोज दिए हैं। चेहरे पर लाइट मेकअप, आंखों में काजल और इयररिंग्स पहने रिश्मिका, इस फोटो के जरिये खूबसूरती में कई एक्ट्रेस को मात दे रही हैं। रश्मिका का ये लुक बहुत अट्रैक्टिव है। उनका आई मेकअप इस लुक में चार चांद लगा रहा है।रश्मिका ने सेल्फ-पोर्ट्रेट रिब्ड निट व्हाइट कलर की मिडी ड्रेस पहनी हई है। इस आउटफिट को हील्स के साथ कंप्लीट किया है। 'श्रीवल्ली' का ये लुक बहुत ही मेसमराइजिंग है। उनका यह लुक फैंस को इतना पसंद आ रहा है कि इस पर कमेंट सेक्शन ब्यूटिफुल, अमेजिंग जैसे स्वीट वड्‌र्स से भर गया है।रश्मिका मंदाना 'गुडबाय' से बॉलीवुड डेब्यू के लिए तैयार हैं। पहली ही फिल्म वह अमिताभ बच्चन के साथ कर रही हैं। इसमें वह तारा नाम की लड़की का कैरेक्टर प्ले कर रही हैं, जो रस्मों, परंपराओं में विश्वास नहीं रखती। रश्मिका को इस कैरेक्टर में कितना पसंद किया जाएगा, इसका खुलासा शुक्रवार 7 अक्टूबर को हो जाएगा।

# अमिताभ बच्चन को मिला सीजन का दूसरा करोड़पति, 7.5 करोड़ के सवाल से दिल्ली के शाश्वत गोयल रचेंगे इतिहास

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**अमिताभ बच्चन का क्विज शो कौन बनेगा करोड़पति अपने नए सीजन 14 के साथ दर्शकों का खूब मनोरंजन कर रहा है। शो में अपना अपना पहला करोड़पति मिला था कोल्हापुर की रहने वाली कविता एक सिंपल हाउस वाइफ थीं, लेकिन हॉटसीट पर बैठ उन्होंने बेहद शानदार गेम खेला था और



को शुरू हुए अब लगभग एक महीने हो चुके हैं और इसी के साथ केबीसी में कई दिलचस्प कंटेस्टेंट हिस्सा ले चुके हैं। हाल ही में केबीसी 14 उस वक्त सुर्खियों में छा गया था जब शो को कविता चावला के रूप 7.5 करोड़ के सवाल तक पहुंच गई थीं। हालांकि, आखिरी पड़ाव पर सही जवाब पता न होने की स्थिति में उन्होंने शो से क्विट कर दिया था, लेकिन अब केबीसी को जल्द पहला 7.5 करोड़ जीतने वाला कंटेस्टेंट मिलने वाला है केबीसी 14 का नया प्रोमो सामने आया है, जिसमें अमिताभ बच्चन के सामने हॉट सीट पर दिल्ली के शाश्वत गोयल बैठे नजर आ रहे हैं। वह एक ई-कॉमर्स कंपनी में स्ट्रेटेजी मैनेजर हैं। शाश्वत शो में एक करोड़ जीत चुके हैं और 7.5 करोड़ के सवाल की ओर बढ़ गए हैं। अगर वह केबीसी 14 के आखिरी सवाल का सही जवाब देते हैं तो वह न सिर्फ 7.5 करोड़ जीतेंगे, बल्कि इतिहास भी रच देंगे क्योंकि वह इस सीजन के 7.5 करोड़ जीतने वाले पहले कंटेस्टेंट बन जाएंगे। केबीसी 14 के इस पड़ाव पर आकर अगर शाश्वत गोयल गलत जवाब देते है, तो 7.5 करोड़ से तो चूक ही जाएंगे, लेकिन जीता हुआ एक करोड़ भी उनके हाथ से निकल जाएगा। केबीसी के नियम के अनुसार अगर कंटेस्टेंट 7.5 करोड़ के सवाल का गलत जवाब देता है तो वह सीधे धन अमृत पड़ाव पर आ जाएंगे और सिर्फ 75 लाख ही घर ले जाएगा। बता दें कि केबीसी 14 का यह एपिसोड 10 अक्टूबर को ऑनएयर किया जाएगा।

# 'आदिपुरुष' के 'रावण' के बाद अब 'हनुमान' हुए ट्रोल, लोग बोले- 'कौन सा हिंदू बिना मूंछ रखता है दाढ़ी

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।**तान्हाजी जैसी मास्टरपीस को डायरेक्ट कर चुके ओम राउत लगातार अपनी फिल्म आदिपुरुष को लेकर सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। उन्होंने बड़ी उम्मीदों के साथ अपने ड्रीम प्रोजेक्ट आदिपुरुष का टीजर रिलीज किया है। वहीं, फिल्म में हनुमान का किरदार देवदत्त गजानन नागे निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में उनके शरीर पर चमड़े की बेल्ट को दिखाया गया था, जिसकी वजह से वह सोशल मीडिया पर छाए हुए हैं। अब उनके दाढ़ी पर भी बवाल शुरू हो गया है। एक यूजर ने आदिपुरुष रहे हैं, वे तैमूर और खिलजी की तरह दिख रहे हैं। रावण ने हमेशा अपने सिर पर लाल तिलक लगाया है। बौन आदिपुरुष।रानरामानंद सागर की रामायण को याद करते हुए एक यूजर ने कहा, ःरामानंद सागर की रामायण के बाद 'रामायण-



था, लेकिन वाहवाही की जगह उन्हें जबरदस्त ट्रोलिंग झेलनी पड़ रही है। नेटिजन्स ने फिल्म के वीएफएक्स को कार्टून और सस्ता गेम बताया। इसके अलावा आदिपुरुष के किरदारों के लुक पर भी खूब बवाल मचा हुआ है। हिंदू माइथोलॉजी पर बनी आदिपुरुष के रावण की तुलना मुगल बादशाह खिलजी से हो रही है। वहीं, अब हनुमान को भी इस ट्रोलिंग में घसीट लिया गया है और इसके साथ ही फिल्म के बायकॉट की मांग भी उठने लगी है। आदिपुरुष में बाहुबली स्टार प्रभास- राघव, कृति सेनन- जानकी और सैफ अली खान- लंकेश के किरदारों में हैं, जो पौराणिक कथा रामायण से प्रेरित के हनुमान की आलोचना करते हुए कहा, कौन-सा हिंदू बिना मूंछ के दाढ़ी रखता है जो हनुमान को ऐसा दिखाया गया है।एक अन्य यूजर ने कहा, रामायण हमारा इतिहास और हमारी भावना है। आदिपुरुष में भगवान हनुमान को मुगल की तरह दिखाया गया है। आदिपुरुष को बैन किया जाए।फिल्म के बायकॉट की मांग करते हुए एक यूजर ने कहा, यह पूरी तरह से रामायण और हमारे गौरव भगवान राम जी, मां सीता जी ,भगवान हनुमान जी का इस्लामीकरण है। यहां तक कि आदिपुरुष फिल्म में सैफ अली खान जो रावण की भूमिका निभा द लीजेंड ऑफ प्रिंस राम' मेरा दूसरा पसंदीदा रामायण शो। उन्होंने श्रीराम, माता सीता, लक्ष्मण जी, श्री हनुमान और रावण (तैमूर, खिलजी या मुगलों की तरह नहीं) को भी कितनी खूबसूरती से चित्रित किया। आदिपुरुष इस रतन की बराबरी नहीं कर सकता लाल सिंह चड्ढा और ब्रह्मास्त्र जैसी फिल्मों के बायकॉट के बाद अब ओम राउत की फिल्म ट्रोलर्स के निशाने पर है। फिल्म को लेकर चल रहे बवाल को देखते हुए लग रहा है कि आदिपुरुष रिलीज से पहले ही फ्लॉप हो जाएगी।

# पत्नी से अनबन के बीच इस तमिल एक्टर ने की आत्महत्या

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** तमिल टेलीविजन अभिनेता और निर्देशक लोकेश राजेंद्रन ने सुसाइड कर लिया है। 34 साल के लोकेश राजेंद्रन ने 4 अक्टूबर आत्महत्या की, जिसकी जानकारी अब सामने आई है। खबरों के मुताबिक एक्टर काफी समय से डिप्रेशन से जूझ रहे थे। इतना ही नहीं 4 दिन पहले ही उनकी पतनी की ओर से तलाक का नोटिस भी आया था। लोकेश ने टीवी शो 'मरमादेशम' में चाइल्ड आर्टिस्ट के तौर पर अपनी पहचान चलते वह डिप्रेशन में था। आगे उन्होंने कहा- मैंने उसको आखिरी शुक्रवार को देखा था। उसने कहा था कि उसे कुछ पैसों की जरूरत है। मैंने उसको दिए भी। लोकेश ने हमें ये बताया था कि वह बतौर एडिटर अब काम शुरू करेगा।पुलिस के मुताबिक एक्टर को राजकीय किलपौक मेडिकल कॉलेज और अस्पताल ले जाया गया। पुलिस ने सीआरपीसी की धारा 174 के तहत मामला दर्ज कर लिया है और आगे की जांच कर रही है। इस बारे में पुलिस



बनाई थी। इसके अलावा उन्होंने कई अन्य शो में काम किया था। इसके अलावा उन्होंने 15 फिल्मों में भी काम किया है। 1996 में आए शो 'विदथु करुप्पु' में लोकेश के किरदार 'रासु' को लोग आज भी पसंद करते हैं। एक्टर शादीशुदा थे और उनके दो बच्चे हैं। रिपोर्टस के मुताबिक एक्टर के पिता ने बताया कि लोकेश की पतनी ने चार दिन पहले तलाक के पेपर भिजवाए थे, जिसके ने कहा है कि, 'लोकेश ने पारिवारिक समस्यों के कारण रोजाना शराब पीना शुरू कर दिया था और उन्हें अक्सर चेनन्ई मुफस्सिल बस टर्मिनस पर सोते हुए देखा गया था। मंगलवार को भी बस टर्मिनस पर कुछ लोगों ने उन्हें बेचैनी की हालत में देखकर एम्बुलेंस के लिए 108 पर डायल किया और पुलिस को भी सूचना दी थी।'

# विजयादशमी के अवसर पर रानी मुखर्जी, तनीषा और काजोल सिंदूर खेला पर हुई स्पॉट

**(आधुनिक समाचार सेवा)**

**नई दिल्ली।** विजयादशमी के अवसर पर मुंबई के दुर्गा पंडाल में रानी मुखर्जी, तनीषा मुखर्जी और काजोल जैसी एक्ट्रेसेस को स्पॉट किया गया। खास बात यह है कि सभी सिंदूर खेला कार्यक्रम में भाग लेती नजर आई। सभी ने इस ने इंस्टाग्राम पर कई तस्वीरें शेयर की है। इसमें उन्हें अपनी बहन काजोल के साथ पोज करते हुए देखा जा सकता है। इसकी बाद की तस्वीर में तनीषा मुखर्जी, काजोल और शर्बानी मुखर्जी को बैठकर पोज देते हुए देखा जा सकता है। सभी ने सिंदूर भी लगा रखा



अवसर पर पारंपरिक बंगाली अंदाज में परिधान कर रखा था। वहीं सभी के चेहरों और कपड़ों पर लाल सिंदूर भी लगा हुआ था। सभी इस अवसर पर काफी खुश नजर आ रही थी।काजोल की बहन तनीषा मुखर्जी है। गौरतलब है कि दुर्गा पूजा मुंबई में भी धूमधाम से मनाई जाती है। कई बंगाली पंडाल भव्य स्तर पर माता की पूजा करते नजर आते हैं।काजोल और रानी मुखर्जी बॉलीवुड की बड़ी एक्ट्रेस में से एक है। उन्होंने कई फिल्मों में काम किया है। खास बात यह है कि दोनों कुछ कुछ होता है में भी साथ में नजर आई थी। रानी मुखर्जी को अक्सर स्पॉट किया जाता है। हालांकि वह हाल ही में फिल्म मर्दानी के सीक्वल में नजर आई थी। वहीं काजोल भी फिल्मों में वापसी को लेकर कमर कस रही है। तनीषा मुखर्जी बिग बॉस में भी नजर आ चुकी है।रानी मुखर्जी ने आदित्य चोपड़ा से शादी कर ली है। वहीं काजोल की शादी अजय देवगन से हुई है। दोनों को दो बच्चे भी है। अजय देवगन की जल्द कई फिल्में रिलीज होने वाली है। वह अपनी फिल्मों को लेकर भी उत्साहित है।

स्वत्वाधिकारी एवं मुद्रक डा0 दीपक अरोरा द्वारा रामा प्रिन्टर्स 53/25/1 ए बेली रोड न्यू कटरा प्रयागराज (उ.प्र.) 211002 से मुद्रित एवं सी-41 यूपीएसआईडीसी औद्योगिक क्षेत्र नैनी प्रयागराज। (उ.प्र.) 211010 से प्रकाशित।
सम्पादक/प्रकाशक
डा0 पुनीत अरोरा
मो0न0 09415608710
RNI No. UPHIN/2015/63398
website:www.adhuniksamachar.com

नोटः- इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद इलाहाबाद न्यायालय के अधीन ही होगे।